सूर्योदय 5:47 सूर्यास्त 7:04

| आज का तापमान | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 21.5 न्यू | 29 अधि |

| बाजार | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,598 |
| निफ्टी | 24,631 |
| सोना 1,00,023 | चांदी 1,14,933 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 15 अगस्त 2025 | 31 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 228, कुल पृष्ठ 16+14=30 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



'अनंत ज्ञान' परिवार की तरफ से सभी सुधि पाठकों, एजेंट मित्रों, वितरक बंधुओं और विज्ञापनदाताओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## अंक बंद रहेगा

स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को अवकाश रहेगा। अत: 16 अगस्त को अखबार का प्रकाशन नहीं होगा। अगला अंक अब 17 अगस्त को उपलब्ध होगा। -प्रबंधक

# किश्तवाड़ में बादल फटने से तबाही

## 41 लोगों की मौत; रेस्क्यू टीमों ने 65 को बचाया, 200 लोग अभी भी लापता

**एजेंसी, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में वीरवार दोपहर 12:30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में 41 लोगों की मौत हो गई है। रेस्क्यू टीमों ने 65 लोगों को बचा लिया है, वहीं 200 के करीब लोग लापता हैं। हादसा उस समय हुआ, जब हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं, सभी बाढ़ के पानी में बह गए।

गांव में एक लकड़ी का पारंपरिक पुल और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बना पुल भी पूरी तरह से नष्ट हो चुके हैं। इसके चलते मचैल माता यात्रा मार्ग पर आवागमन ठप हो गया है। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन और राहत दल मौके पर पहुंचे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को तत्काल तैनात करने की सिफारिश की है, ताकि राहत, बचाव, चिकित्सा सहायता और प्रभावितों को अस्थायी आश्रय उपलब्ध कराया जा सके। (अनंत ज्ञान)



तबाही का मंजर

### प्रधानमंत्री मोदी ने जताया गहरा दुख

**घटना** पर पर पीएम मोदी ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बचाव और राहत कार्य जारी हैं। जरूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।'

## कोटखाई में भी फटा बादल मलबे में दबीं पांच गाड़ियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में बुधवार रात को हुई भारी बारिश और बादल फटने जैसी घटना ने पहाड़ों की शांति को चीरते हुए रामपुर बुशहर और कोटखाई क्षेत्रों में तबाही का ऐसा दृश्य रचा, जिसने हर किसी के दिल को दहला दिया। कोटखाई के खालतु नाला क्षेत्र में बादल फटने से भारी मलबा और चट्टानें सड़क पर गिरीं, जिससे वहां खड़ी पांच गाड़ियां मलबे में दबकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

प्रदेशभर में वीरवार शाम तक 396 सड़कें पूरी तरह से बंद पड़ी थीं, जिससे शिमला, मंडी, कुल्लू और चंबा जैसे महत्वपूर्ण जिलों का संपर्क कट गया है। 1593 बिजली ट्रांसफार्मर और 178 जल आपूर्ति योजनाएं ठप पड़ी हैं।

### रामपुर बुशहर में पत्थर ने लील ली एक जिंदगी

**रामपुर।** रामपुर बुशहर उपमंडल के ग्राम तकलेच की 20 वर्षीय मीरा पुत्री मीर हमजा रोज की तरह अपने कार्य में लगी थी कि अचानक किस्मत ने बेरहमी से उसका जीवन छीन लिया। शेल्टी नाले के पास पहाड़ी ढांक से गिरे एक बड़े पत्थर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीण और पुलिस दल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और मीरा को खनेरी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव में सन्नाटा पसरा है और हर आंख नम है।

### स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का राष्ट्र को संबोधन

## न्याय-स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व संविधान के मूल्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, हमारे द्वारा अपनाए गए संविधान की आधारशिला पर हमारे लोकतंत्र का भवन निर्मित हुआ है। हमने लोकतंत्र पर आधारित ऐसी संस्थाओं का निर्माण किया, जिससे लोकतांत्रिक कार्यशैली को मजबूती मिली। हमारे लिए हमारा संविधान और हमारा लोकतंत्र सर्वोपरि है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्यारे देशवासियों, हमारे संविधान में ऐसे चार मूल्यों का उल्लेख है, जो हमारे लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने वाले चार स्तंभ हैं। ये मूल्य हैं- न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व। ये हमारी सभ्यता के ऐसे सिद्धांत हैं, जिन्हें हमने स्वाधीनता संग्राम के दौरान पुनः जीवंत बनाया। मेरा मानना है कि इन सभी मूल्यों के मूल में व्यक्ति की गरिमा की अवधारणा विद्यमान है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत-भूमि, विश्व के प्राचीनतम गणराज्यों की धरती रही है। इसे लोकतंत्र की जननी कहना सर्वथा उचित है। हमने लोकतंत्र पर आधारित ऐसी संस्थाओं का निर्माण किया जिनसे लोकतांत्रिक कार्यशैली को मजबूती मिली। हमारे लिए, हमारा संविधान और हमारा लोकतंत्र सर्वोपरि हैं। (अनंत ज्ञान)



### देश के विभाजन से हुई पीड़ा को कभी न भूलें

**राष्ट्रपति** ने कहा कि अतीत को देखते हुए, हमें देश के विभाजन से हुई पीड़ा को कदापि नहीं भूलना चाहिए। आज हमने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया। विभाजन के कारण भयावह हिंसा देखी गई और लाखों लोगों को विस्थापित होने के लिए मजबूर किया गया। आज हम इतिहास की गलतियों के शिकार हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

## पीएम मोदी लगातार 12वीं बार फहराएंगे तिरंगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त 2025 को एक नया रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर वह लगातार 12वीं बार लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। यह उपलब्धि उन्हें देश के इतिहास में एक खास स्थान दिलाएगी, क्योंकि अब तक कोई भी गैर-कांग्रेस प्रधानमंत्री ऐसा नहीं कर पाया है। नरेंद्र मोदी ने 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बनने के बाद से हर साल लाल किले से तिरंगा फहराया और देश को संबोधित किया है। इस साल 2025 में उनका यह सिलसिला 12 वर्षों का हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)



## 'वोट चोरी' जैसे शब्दों से बचें : चुनाव आयोग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने वीरवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और वोट चोरी के आरोपों का जवाब दिया। चुनाव आयोग ने कहा, 'वोट चोरी' जैसे गंदे शब्दों का इस्तेमाल कर झूठी कहानी गढ़ने की कोशिश करना करोड़ों भारतीय मतदाताओं पर सीधा हमला है।' यदि किसी के पास इस बात का प्रमाण है कि किसी व्यक्ति ने किसी चुनाव में वास्तव में दो बार मतदान किया है, तो उसे बिना किसी सबूत के देश के सभी मतदाताओं को 'चोर' कहने के बजाय, एक शपथपत्र के साथ निर्वाचन आयोग को यह प्रमाण सौंपना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## ट्रंप-पुतिन वार्ता फेल हुई, तो भारत पर और ज्यादा टैरिफ

### अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने दी धमकी

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत पर फिर से एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ब्लूमबर्ग से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह टैरिफ शुक्रवार को अलास्का में होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात के नतीजे पर निर्भर करेगा। अमेरिका रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम के लिए मध्यस्थता का प्रयास कर रहा है। इसी को लेकर ट्रंप पुतिन से बात करेंगे। ट्रंप ने बुधवार को चेतावनी दी थी कि अगर मॉस्को शांति समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। एक अलग इंटरव्यू में फॉक्स न्यूज से बात करते हुए स्कॉट बेसेंट ने कहा कि व्यापार को लेकर बातचीत में भारत का कुछ ज्यादा अड़ियल रुख रहा है। इस महीने की शुरुआत में बातचीत तब रुक गई थी, जब ट्रंप ने भारत के रूस से व्यापार और अन्य मतभेदों पर चर्चा आगे बढ़ाने से मना कर दिया था।

बता दें कि फिलहाल भारत के आयात पर 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ लागू है। इसके अलावा रूस से तेल और हथियार खरीद पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। इसके बाद भारतीय सामान पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लग जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### विस अध्यक्ष पठानिया बोले-मानसून सत्र में उठेंगे 830 से ज्यादा प्रश्न

## हिमाचल विधानसभा के इतिहास का इस बार होगा चौथा बड़ा सत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में 830 से ज्यादा प्रश्न उठेंगे। इनमें प्राकृतिक आपदा, बाढ़ से नुकसान, पुनर्वास, स्कूलों का विलय, सड़क और पुल निर्माण जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं। कई प्रश्नों पर बहस होगी तो कई के जवाब सीधे सदन के पटल पर रखे जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने वीरवार को प्रेसवार्ता में बताया कि मानसून सत्र 18 अगस्त को अपराह्न 2 बजे शुरू होगा और 2 सितंबर तक चलेगा। यह चौदहवीं विधानसभा का नौवां सत्र होगा, जिसमें कल 12 बैठकें प्रस्तावित हैं। 21 और 28 अगस्त को गैर-सरकारी सदस्य कार्य दिवस होंगे।



पठानिया ने बताया कि यह सत्र विधानसभा इतिहास का चौथा सबसे बड़ा मानसून सत्र होगा। इससे पहले 1962 में 13, 1968 में 15 और 2009 में 17 बैठकें आयोजित हुई थीं। चौदहवीं विधानसभा के अब तक आठ सत्रों में 73 बैठकें हो चुकी हैं और इस सत्र के बाद यह संख्या 85 हो जाएगी। 18 अगस्त को सत्र की शुरुआत शोकोद्गार के साथ होगी। उन्होंने बताया कि अब तक सदस्यों से प्रश्नों संबंधी कुल 830 सूचनाएं मिली हैं, जिनमें 679 तारांकित और 151 अतारांकित प्रश्न हैं। इन्हें नियमानुसार सरकार को भेजा गया है। इसके अलावा नियम 62 के तहत 10, नियम 101 के तहत 6 और नियम 130 के तहत 12 सूचनाएं भी मिली हैं। सदस्यों से प्राप्त सूचनाएं मुख्य रूप से प्राकृतिक आपदा और बाढ़ से हुए नुकसान, प्रभावितों के पुनर्वास, सरकार की ओर से आपदा से निपटने के लिए किए प्रयास, स्कूलों का विलय, सड़क व पुल निर्माण, विभागों में रिक्त पदों की भर्ती, युवाओं में नशे की रोकथाम और कर्मचारियों की देनदारियों के भुगतान से जुड़ी हैं।

## सेवानिवृत्ति लाभ नहीं देने पर वेतन जब्त करने का आदेश

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने आईएफएस अधिकारी और वन्य जीव मंडल, साउथ शिमला के अरण्यपाल पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि अगर अधिकारी लायक राम को उनके सेवानिवृत्ति के सभी बकाया लाभों का भुगतान नहीं करते, तो उनका वेतन जब्त कर लिया जाए। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने मामले को बहुत गंभीर माना है, क्योंकि 7 अक्तूबर 2023 को कोर्ट ने याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाया था, लेकिन अधिकारी ने उसका पालन नहीं किया। याचिकाकर्ता लायक राम का आरोप है कि उन्हें जानबूझकर परेशान किया जा रहा है और 2017 से बकाया पेंशन व पूरी ग्रेच्युटी नहीं दी गई है। उन्होंने अपनी याचिका में बताया कि विभाग ने उन्हें वर्कचार्ज लाभ के तौर पर दी गई राशि तो वापस ले ली, लेकिन उनके पेंशन लाभों का भुगतान नहीं किया।

### हाईकोर्ट ने आईएफएस अधिकारी पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश




## चीन की तर्ज पर रॉकेट फोर्स तैयार करेगा पाक

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने चीन की तर्ज पर रॉकेट फोर्स बनाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आर्मी रॉकेट फोर्सेस को बनाने का ऐलान किया। पाक के प्रधानमंत्री शरीफ के मुताबिक नई फोर्स का मकसद आधुनिक युद्ध की जरूरतों के मुताबिक देश की रक्षा क्षमता को बढ़ाना है। इसमें मिसाइल और रॉकेट तकनीक को एक साथ जोड़ा जाएगा, ताकि दुश्मन के खतरे का तुरंत जवाब दिया जा सके। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- मुख्यमंत्री सुक्खू ने 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का किया शुभारंभ -पेज 3
- जमाबंदी से जमीन गायब, लोन अब भी चालू -पेज 7
- विभाजन विभीषिका दिवस पर राष्ट्रीय एकता का संदेश : अनुराग -पेज 7
- हाउस टैक्स: स्पॉट प्रॉपर्टी सर्वे की बारिश में रफ्तार धीमी -पेज 9
- केलांग में जनजातीय उत्सव का धूमधाम से हुआ आगाज -पेज 10

## 65 लाख वोटर्स का ब्यौरा दे चुनाव आयोग

### बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय का आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर जारी विवाद पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने वीरवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने अपनी दलीलें रखीं। चुनाव आयोग ने दलीलों की शुरुआत करते हुए कोर्ट से कहा कि उसके पास कुछ निर्णय लेने के लिए पर्याप्त शक्ति है। इस दौरान चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में जिला स्तर पर मृत, पलायन कर चुके या स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं की सूची साझा करने पर सहमति जताई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से 19 अगस्त तक मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख मतदाताओं की पहचान का ब्यौरा देने का आदेश दिया। कोर्ट ने 22 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा, 'आप उन लोगों के नाम क्यों नहीं बता सकते, जो मर गए हैं या पलायन कर गए हैं या दूसरे निर्वाचन क्षेत्रों में चले गए हैं?' कोर्ट ने यह भी कहा कि आप इन नामों को डिस्प्ले बोर्ड या वेबसाइट पर क्यों नहीं डाल सकते? इससे पीड़ित 30 दिनों के भीतर सुधारात्मक उपाय कर सकते हैं।

सर्वोच्च अदालत ने कहा कि बिहार में ड्राफ्ट मतदाता सूची से नाम हटाए जाने से पीड़ित लोग आधार कार्ड के साथ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। (अनंत ज्ञान)



**19 अगस्त तक दिया समय, 22 तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी**

### आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और एनसीआर में आवारा कुत्तों के मुद्दे पर वीरवार को सुनवाई की। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की स्पेशल बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि यहां कई ऐसे मांसाहारी लोग हैं, जो खुद को पशु प्रेमी बताते हैं। वहीं, कपिल सिब्बल ने कहा कि मामले का समाधान हो। दिल्ली-एनसीआर से कुत्तों को इकट्ठा कर ऐसे शेल्टर होम भेजें, जो अभी हैं ही नहीं। (अनंत ज्ञान)

### कोई गलत कदम उठाया तो बुरा होगा नतीजा

## अपनी जुबान पर कंट्रोल रखें पाकिस्तानी नेता : जायसवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने पाकिस्तानी नेताओं को जुबान पर कंट्रोल रखने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने वीरवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पाकिस्तानी नेता भारत के खिलाफ गैर-जिम्मेदार, युद्ध भड़काने वाले और नफरत फैलाने वाले बयान दे रहे हैं। पाकिस्तानी नेता अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए बार-बार ऐसे बयान देते हैं। उन्हें अपनी जुबान पर कंट्रोल रखना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने कोई गलत कदम उठाया तो उसका नतीजा बहुत बुरा होगा। दरअसल, सिंधु जल समझौते के निलंबन को लेकर पिछले 48 घंटों में 3 पाकिस्तानियों ने भारत के खिलाफ बयान दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### सिंधु समझौते पर पाक के दावे किए खारिज

**जायसवाल** ने सिंधु जल समझौते को लेकर मध्यस्थता न्यायालय की वैधता पर कहा कि भारत मध्यस्थता न्यायालय की न तो कानूनी मान्यता है, न वैधता और न ही इसे कोई अधिकार है कि वह इस तरह के फैसले दे सके। इसलिए इसके फैसले अधिकार क्षेत्र से बाहर है। जायसवाल ने समझौते को लेकर पाकिस्तान के दावे को भी खारिज किया।

**बहादुरी का सम्मान** ऑपरेशन सिंदूर के 86 जवानों को गैलेंट्री अवार्ड देने का ऐलान

# एयरफोर्स के नौ जांबाज ऑफिसर्स को वीर चक्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ऑपरेशन सिंदूर में बहादुरी और साहस दिखाने वाले आर्म्ड फोर्स के 86 जवानों को गैलेंट्री अवार्ड देने का ऐलान हुआ है। वायुसेना के 52 जवानों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। एयरफोर्स के 9 ऑफिसर को वीर चक्र दिया गया है। इनमें ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले फाइटर पायलट भी शामिल हैं। वीर चक्र युद्ध के समय दिया जाने वाला तीसरा सबसे बड़ा वीरता पदक है। वहीं, एयरफोर्स के 13 अधिकारियों को युद्ध सेवा मेडल और 26 अधिकारी-वायुसैनिकों को वायुसेना मेडल दिया गया है। वहीं, वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी समेत एयरफोर्स के 4 ऑफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इंडियन आर्मी के 18 जवानों को वीरता मेडल से सम्मानित किया है। सेना के अधिकारी ने बताया कि 2 सीनियर इंडियन आर्मी ऑफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। वहीं 4 कीर्ति चक्र, 4 वीर चक्र और 8 शौर्य चक्र दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)



**एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक**

### सीमा सुरक्षा बल के 16 जवानों को वीरता पदक

**सीमा** सुरक्षा बल के 16 जवानों को वीरता पदक (गैलेंट्री मेडल) दिया गया है। बीएसएफ देश की पहली सुरक्षा लाइन है, जो 2290 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान सीमा और पश्चिमी इलाके में लाइन ऑफ कंट्रोल की निगरानी और रक्षा करती है। ऑपरेशन के दौरान बीएसएफ के दो जवान शहीद और सात घायल हुए थे।

### सेंट्रल-स्टेट फोर्स के 1090 पुलिसकर्मियों को सेवा पदक

केंद्र ने सेंट्रल और स्टेट फोर्स के 1090 पुलिसकर्मियों को सेवा पदक दिए। गृह मंत्रालय के मुताबिक, 233 पुलिसकर्मियों को वीरता मेडल, 99 को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक और 758 को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। इनमें फायर सर्विस, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस पर्सनल भी शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर के सबसे ज्यादा 152 पुलिसकर्मियों को वीरता मेडल मिले हैं।




आभार
हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।
अशोक ठाकुर ब्यूरो चीफ पठानकोट (इंदौरा)
मो. 94184-85666
15 अगस्त
की हार्दिक शुभकामनाएं!


स्वतंत्रता दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं
पेड़ लगाओ देश बचाओ
पेड़ लगाओ जीवन बचाओ
जीवन खुशहाल बनाओ
अमित शर्मा
डी एफ ओ नूरपुर
जगजीत चावला
रेंज आफिसर नूरपुर एवं भद्रोया


GREENLAND
PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI
KANDRORI ROAD, SURAJPUR, NEAR DAMTAL
TEHSIL INDORA, DISTT. KANGRA (H.P.)
EDUCATION WITH A DIFFRENCE
GPS
स्वतंत्रता दिवस
की प्रदेशवासियों को बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं
Innovative teaching and an investigative approach to learning.
Flexible adaptable and open to opportunities
Excellence in both academic study & personal standards.
Skills to meet the demands of a rapidly changing society.
15 AUGUST
Learning partnership between school, home and the wider community.
CONTACT: 01893-244250
80912 64614, 9780824982
Email: gpshp.net@rediffmail.com
Website: www.greenschools.in


स्वतंत्रता दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं
रणवीर सिंह निक्का
विधायक नूरपुर विस क्षेत्र
रीता धीमान
पूर्व विधायक इंदौरा विस क्षेत्र
राहुल सिंह पठानिया
जिला परिषद सदस्य एवं भाजयुमो नेता
मोती जोशी
वरिष्ठ भाजपा नेता
अश्वनी शर्मा
वरिष्ठ भाजपा नेता
अंकुश इंदौरिया
भाजपा युवा नेता एवं समाज सेवी
सहदेव ठाकुर
चेयरमैन ब्लॉक इंदौरा
जयदीप राणा
भाजपा मंडल अध्यक्ष
जोगिन्द्र शर्मा (मिंटू)
भाजपा मंडल अध्यक्ष
दीपक सलारिया
भाजपा मंडल अध्यक्ष

# मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का किया शुभारंभ

## बोले-प्रकृति का संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण एक साथ

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने देवदार का पौधा लगाया और राजीव गांधी वन संवर्धन योजना की भी शुरुआत की। इस अनूठी पहल का उद्देश्य न केवल राज्य के प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाना है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करना है।



76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का शुभारंभ करते हुए सीएम सुक्खू।

इस साल राज्य में लगभग 9,000 हेक्टेयर वन भूमि पर पौधारोपण किया जाएगा, जिसमें 60 प्रतिशत फलदार पौधे शामिल होंगे। नई राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह और संयुक्त वन समितियां 5 साल तक पौधों की देखभाल करेंगी। इस कार्य के लिए प्रति हेक्टेयर 1.20 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। योजना के लिए 100 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को घर पर ही स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और उनकी आय में वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार 2030 तक राज्य के वन आवरण को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस योजना से राज्य की जैव-विविधता को और अधिक संरक्षित करने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत विभिन्न महिला मंडलों को पौधारोपण के लिए एक-एक लाख रुपए के वित्तीय सहायता चेक भी सौंपे। इसके अतिरिक्त, आजीविका वर्धन गतिविधियों के लिए जाइका परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 50-50 हजार रुपए के चेक भी भेंट किए गए।

# शिमला में स्वतंत्रता दिवस पर डिप्टी सीएम फहराएंगे तिरंगा



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला में 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह ऐतिहासिक रिज मैदान पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जिला उपायुक्त ने बताया कि यह समारोह सुबह 11 बजे शुरू होगा। इस दौरान परेड का निरीक्षण, मार्च पास्ट और सलामी दी जाएगी। इसके बाद उपमुख्यमंत्री जनता को संबोधित करेंगे। समारोह में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों के तहत वीरवार को पुलिस, होमगार्ड के जवानों और एनसीसी कैडेट्स ने बारिश के बावजूद रिज मैदान पर पूर्वाभ्यास किया।


































# अनंत ज्ञान स्वतंत्रता दिवस विशोषांक बीबीएन

15 AUGUST

प्रस्तुति : ओम शर्मा : एरिया इंचार्ज औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन): 85809-13226


## समस्त देश-प्रदेशवासियों को यूथ कांग्रेस की तरफ से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।








उज्जवल सिंह राणा

Indian Youth Congress

उदय प्रताप सिंह राणा : अध्यक्ष युवा कांग्रेस नालागढ़ विधानसभा


अनंत ज्ञान के सुधि पाठकों एंव समस्त विज्ञापनदाताओं का आभार एवं धन्यवाद।



**ओम शर्मा : क्षेत्र प्रभारी अनंत ज्ञान**
**बद्दी बरोटीवाला नालागढ़ (बीबीएन)**

Mob.: 70186-73558 E-mail: omsharma78558@gmail.com



मोहन चौहान
ब्यूरो चीफ अनंत ज्ञान
सोलन ( हि.प्र. )



अरनव शर्मा
छात्र : सेंटवीर्स
इंटरनेशनल स्कूल



यशस्वी शर्मा
यशू
बीबीएन बद्दी



रेखा शर्मा
जर्नलिस्ट
बीबीएन बद्दी


## MILESTONE GEARS PVT. LTD.

समस्त देश-प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

HAPPY INDEPENDENCE DAY 15 AUGUST




Baddi-Barotiwala Road, BAROTIWALA
Teh. Baddi, Distt. Solan (H.P.)

## MAXTAR BIO-GENICS

(A WHO-GMP Certified Company)



समस्त देश-प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।




K. No. 705, Nalagarh Road, Malku Majra, Teh. Baddi, Distt. Solan (H.P.)

## 3 GENERATIONS

15th AUGUST
INDEPENDENCE
Day

समस्त देश व प्रदेशवासियों की स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



Plot No. 80, EPIP Phase-II, Ind. Area
Thana, Teh. Baddi, Distt. Solan (H.P.)

## M/S BEIL INFRASTRUCTURE LTD.






समस्त देश-प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।




CETP, Vill. Kainduwal-Malpur, P.O. Bhud
Tehsil-Baadi, Distt. Solan (H.P.)

## ULTRA DRUGS UNIT-II

Ultra Group of Companies




समस्त देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की लख-लख बधाई।

AUGUST 15th

Vill. Katha, Ind. Area Baddi, Distt. Solan (H.P.)

# समृद्धि और आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हिमाचल प्रदेश

**79वें** स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। भारत की आजादी, एकता और अखंडता वर्षों के संघर्ष और वीर सपूतों के असंख्य बलिदानों का प्रतिफल है। यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि देश की आन-बान और शान बनाए रखने के लिए हमारे प्रदेश के वीर जवानों ने हमेशा प्रमुख भूमिका निभाई है तथा अपने कर्तव्य को निभाते हुए बलिदान और शौर्य की अमर गाथाएं लिखी हैं। यह गर्व की बात है कि हिमाचल के वीर सपूतों ने 4 परमवीर चक्र, 2 अशोक चक्र, 11 महावीर चक्र और 23 कीर्ति चक्र जीते हैं। देश का पहला परमवीर चक्र प्रदेश के वीर सपूत मेजर सोमनाथ शर्मा को प्राप्त हुआ था। इसके बाद, कर्नल डीएस थापा, कैप्टन विक्रम बतरा तथा सूबेदार मेजर संजय कुमार को भी परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

**अपने संसाधनों से किया आपदा का सामना:** वर्ष 2023 में गंभीर प्राकृतिक आपदा का सामना हमने अपने संसाधनों से सफलतापूर्वक किया। इस साल भी मूसलाधार बारिश और बादल फटने के कारण आई विनाशकारी बाढ़ से हमें जान-माल का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इस आपदा से मंडी जिला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। हमने 200 से अधिक बहुमूल्य जीवन खोए हैं और अधोसंरचना को लगभग दो हजार करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचा है। यह आपदा बहुत बड़ी है और प्रदेश सरकार संकट की इस घड़ी में प्रभावितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हमने आपदा के फौरन बाद युद्धस्तर पर राहत और पुनर्वास के कार्य शुरू किए तथा वर्ष 2023 की तरह इस बार भी आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की है, जिसे 25 गुना तक बढ़ाया गया है।

इस पैकेज के अंतर्गत पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकान के लिए दी जाने वाली एक लाख 30 हजार रुपए की सहायता राशि को बढ़ाकर 7 लाख रुपए और आंशिक क्षति पर 12 हजार 500 रुपए की राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपए किया गया है। इसके अलावा क्षतिग्रस्त दुकान अथवा ढाबे, गौशाला, पशुओं की हानि, क्षतिग्रस्त पॉलीहाउस, कृषि व बागवानी भूमि के नुकसान आदि के लिए भी राहत एवं मुआवजा राशि में कई गुणा वृद्धि की गई है। हमारी सरकार ने अपने कार्यकाल में राजनीतिक, आर्थिक और प्राकृतिक आपदा जैसी गंभीर चुनौतियों का मजबूती से सामना किया है। प्रदेश को समृद्धि और आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से आगे ले जाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं।

**सरकार पर भरोसा करने पर प्रदेशवासियों का आभार:** मैं, प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि आपने हमारी सरकार पर भरपूर भरोसा किया। प्रदेशवासियों के समर्थन से हमने धनबल पर जनबल की जीत सुनिश्चित हुई है, जिससे लोकतंत्र सश्क्त हुआ हैं। हिमाचल के विकास और खुशहाली के लिए हमारी सरकार ने ग्रामीण आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

**प्राकृतिक फसलों पर एमएसपी देने वाला हिमाचल पहला राज्य:** हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना है जिसने प्राकृतिक रूप से उगाई गई फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिया है। मक्की पर 40 रुपए प्रति किलो का समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। अब तक 1,509 किसानों से लगभग 399 मीट्रिक टन मक्की समर्थन मूल्य पर खरीदी जा चुकी है और उनके बैंक खातों में 1.40 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए हैं। इसी प्रकार, गेहूं की खरीद भी 60 रुपए प्रति किलो की दर से की जा रही है और अब तक 838 किसानों से 2,123 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। उनके खातों में 1.27 करोड़ रुपए जमा करवाए गए हैं। गेहूं के लिए परिवहन भाड़े पर सरकार ने 4.15 लाख रुपए की सब्सिडी दी है।

हमने प्राकृतिक विधि से उगाई गई कच्ची हल्दी के लिए 90 रुपए प्रति किलो का समर्थन मूल्य घोषित किया है। किसानों से 127 मीट्रिक टन कच्ची हल्दी खरीदी गई है और उनके खातों में 1.14 करोड़ रुपए जमा कर दिए गए हैं। प्रदेश सरकार ने चंबा जिले के पांगी उपमंडल को प्रदेश का प्राकृतिक कृषि डिवीजन घोषित किया है और घाटी के किसानों से अगले महीने से 60 रुपए प्रति किलो की दर से जौ की खरीद शुरू की जाएगी। हमारी सरकार ने हमीरपुर जिले में स्पाइस पार्क और ऊना जिले में आलू प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने का फैसला लिया है। प्रदेश सरकार किसानों के हित में कृषि ऋण ब्याज योजना भी लेकर आई है।

**दूध उत्पादन के क्षेत्र में किए बहुमूल्य सुधार:** हमने दूध उत्पादन के क्षेत्र में भी बहुमूल्य सुधार किए हैं। हिमाचल देश का पहला राज्य है जो दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रहा है। वर्तमान में लगभग 38,400 किसानों से प्रतिदिन औसतन 2.25 लाख लीटर गाय का दूध 51 रुपए प्रति लीटर की दर से खरीदा जा रहा है। इसी प्रकार, 1,482 भैंस पालकों से प्रतिदिन 7,800 लीटर दूध 61 रुपए प्रति लीटर की दर से खरीदा जा रहा है। दुग्ध सहकारी समितियों को प्रोत्साहन देने के लिए दूध पर परिवहन सब्सिडी डेढ़ रुपए से बढ़ाकर 3 रुपए प्रति लीटर की गई है। कांगड़ा जिले के ढगवार में 201 करोड़ रुपए की लागत से डेढ़ से तीन लाख लीटर प्रतिदिन तक की क्षमता वाला अत्याधुनिक दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जा रहा है, जिससे चार जिलों के 35 हजार से अधिक दूध उत्पादकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी दूध प्रसंस्करण संयंत्र का विस्तार और निर्माण कार्य जारी है। पशुपालकों से 300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से जैविक खाद और वर्मी कम्पोस्ट खरीदने का कार्य शुरू कर हमने एक और चुनावी वादा पूरा किया है।

**बागवानों के हित में लिए कई बड़े फैसले:** बागवानों के हित में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। यूनिवर्सल कार्टन का उपयोग अनिवार्य बनाने की ऐतिहासिक पहल से राज्य के बागवानों को अपनी फसल के बेहतर दाम मिल रहे हैं। वर्ष 2025 के लिए सेब, बी और सी ग्रेड के किन्नू, माल्टा और संतरे और सीडलिंग, कलमी व कच्चे अचारी आम पर 12 रुपए प्रति किलो का समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, गलगल को 10 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदा जाएगा। वन प्रबंधन और वन क्षेत्र विस्तार में सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए 100 करोड़ रुपए लागत की राजीव गांधी वन संवर्द्धन योजना लागू की जा रही है।

**अढ़ाई वर्षों में शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति:** पिछले अढ़ाई वर्षों में हमने शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण-2025 में प्रदेश 5वें स्थान पर पहुंचा है, जबकि 2021 में हमारी रैंकिंग 21वें पायदान पर फिसल गई थी। वार्षिक शिक्षा स्थिति-2025 रिपोर्ट में विद्यार्थियों के पढ़ने और सीखने के स्तर में हिमाचल ने 21वें स्थान से पहले स्थान पर छलांग लगाई है।


सुखविंद्र सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश

पूर्व सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए चुनावी वर्ष के आखिरी 9 महीनों में बिना बजट और बुनियादी अधोसंरचना के 900 से ज्यादा शिक्षण व स्वास्थ्य संस्थान खोले। वर्तमान सरकार ने एक हजार से अधिक स्कूलों का युक्तिकरण कर स्कूलों के क्लस्टर बनाए हैं। इससे जहां गैर-जरूरी खर्चों में कटौती हुई है, वहीं पर्याप्त अध्यापकों की उपलब्धता सुनिश्चित होने से छात्रों को बेहतर शिक्षा भी मिल रही है। विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर में सुधार के लिए सभी सरकरी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम शुरू कर दिया गया है। प्रदेश के 6,297 प्राइमरी स्कूलों में प्री-प्राइमरी कक्षाएं आरंभ की जा चुकी हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं वाला राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल चरणबद्ध तरीके से खोलने का कार्य प्रगति पर है।

हमने डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू कर पात्र विद्यार्थियों को देश-विदेश में शिक्षा के लिए 1 प्रतिशत ब्याज पर 20 लाख रुपए तक के ऋण का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के तहत 32,000 बच्चों को मुफ्त शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है। पहली से आठवीं कक्षा के 5.35 लाख बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना की पहल की गई है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार अध्यापकों को विदेश में एक्सपोजर विजिट और विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया है। छात्रवृत्ति योजनाओं का विस्तार कर दो वर्षों में 87,000 से अधिक विद्यार्थियों को 92 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है।

**2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य:** हमारी सरकार ने वर्ष 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। ई-वाहनों को व्यापक प्रोत्साहन दिया जा रहा है। वाहन चालकों की सुविधा के लिए प्रदेश में छह ग्रीन कॉरीडोर स्थापित किए गए हैं। 124 करोड़ रुपए से बस अड्डों पर ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का कार्य जारी है। 327 इलेक्ट्रिक बसें खरीदने के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं।

**युवाओं के लिए राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना:** हमारी सरकार ने युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना शुरू की है जिसके पहले चरण में ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत उपदान का प्रावधान है। दूसरे चरण में निजी भूमि पर 100 से 500 किलोवॉट तक के सोलर पैनल लगाने के लिए 50 प्रतिशत उपदान दिया जा रहा है। तीसरे चरण में किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा जा रहा है। ऊना जिला के पेखूबेला में 32 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना मात्र चार महीनों में जनता को समर्पित की गई है। इस परियोजना से सालाना 19 करोड़ 17 लाख रुपए के राजस्व लाभ का अनुमान है। प्रदेश सरकार ने ऊना, कांगड़ा, सोलन, सिरमौर, मंडी और शिमला जिलों में 501 मेगावाट की क्षमता वाले 5 सौर पार्क और 212 मेगावाट की क्षमता वाली सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने का भी निर्णय लिया है।

**महिलाओं के लिए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना:** महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा और सम्मान देने के लिए हमने 18 से 59 वर्ष की पात्र महिलाओं के लिए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना शुरू कर 1500 रुपए मासिक सम्मान राशि देना आरंभ किया है। महिला कल्याण के लिए चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली आर्थिक सहायता कई गुण बढ़ाई गई है।

प्रदेशवासियों को विश्व स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि किसी को भी इलाज के लिए हिमाचल से बाहर जाने की जरूरत पड़े। एक ऐतिहासिक पहल के तहत रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत शिमला स्थित अटल इंस्टीट्यूट ऑफसूपर स्पैशिलिटीज से की गई है।

**कैंसर मरीजों के लिए मुफ्त इलाज:** कैंसर मरीजों के लिए मुफ्त इलाज और दवाइयों का प्रावधान किया गया है। हमीरपुर में उत्कृष्ट कैंसर अस्पताल स्थापित किया जा रहा है। आईजीएमसी शिमला में नए कैंसर अस्पताल भवन और ट्रॉमा सेंटर की सुविधा उपलब्ध करवाई जा चुकी है। आईजीएमसी शिमला और टांडा मेडिकल कॉलेजों में पैट स्कैन मशीन की सुविधा भी शुरू की गई है।

हिमकेयर योजना के लाभार्थियों को बेहतर इलाज देने की सुविधा के लिए इसका विस्तार किया गया है। अब आपात स्थिति में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और अधीक्षक भी हिमकेयर कार्ड बना सकेंगे। बीपीएल, मनरेगा, फेरीवालों, अनाथ और जेल बंदियों के निशुल्क हिमकेयर कार्ड बनाने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार किया जा रहा है और प्रदेश के 16 स्थानों पर हेलिपोर्ट विकसित किए जा रहे हैं। प्रमुख धार्मिक स्थलों को रोप-वे से जोड़ा जा रहा है।

**कांगड़ा जिला को बनाया जा रहा पर्यटन राजधानी:** कांगड़ा जिला को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाया जा रहा है। देहरा उपमंडल के बनखंडी में 619 करोड़ रुपए से वन्य प्राणी उद्यान स्थापित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार दूरस्थ क्षेत्रों तक सड़क सुविधा पहुंचाने को प्राथमिकता दे रही है। दो वर्षों की अवधि में 1,584 किलोमीटर लंबी सड़कों और 143 पुलों का निर्माण किया गया है। आजादी के बाद पहली बार शिमला जिले के दूरदराज क्षेत्र डोडराक्वार की सड़क को पक्का किया जा रहा है। इसी तरह, बड़ा भंगाल को भी सड़क सुविधा से जोड़ा जा रहा है।

**24 घंटे पेयजल सुविधा:** प्रदेशवासियों को 24 घंटे पेयजल सुविधा सुनिश्चित करने तथा पानी की गुणवत्ता सुधारने के दृष्टिगत ठोस कदम उठाए गए हैं। साफ और कीटाणु रहित पेयजल प्रदान करने के लिए 69 टेस्टिंग लैब स्थापित की गई हैं।

हमने करुणामूलक रोजगार नीति में संशोधन को भी मंजूरी प्रदान की है। अब प्रति परिवार वार्षिक आय पात्रता मापदंड को 2 लाख 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपए किया गया है।

**'सरकार गांव के द्वार' अनूठी पहल:** हमारी सरकार ने 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अनूठी पहल की है जिसके तहत मैं खुद और मेरे मंत्रिमंडल के सहयोगी दूरदराज क्षेत्रों में लोगों से मिलते हैं व उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करते हैं।

**ऐसे जुटाए वित्तीय संसाधन:** वित्तीय संसाधन जुटाने और फिजूलखर्ची रोकने के प्रयासों के तहत हमने आबकारी नीति में बदलाव, शराब के ठेकों की नीलामी व निविदाओं, दूध उपकर, विभिन्न विभागों में भी स्टाफ के युक्तिकरण, लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं की टेंडर प्रक्रिया में बदलाव जैसे ठोस कदमों के माध्यम से अढ़ाई वर्षों में हजारों करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है। वित्तीय प्रबंधन की दिशा में प्रदेश सरकार ने ग्रीन बजट की शुरुआत कर एक नई पहल की है।

**हिमाचली हितों की केंद्र से पैरवी:** इतना ही नहीं, हमने केंद्र सरकार के समक्ष भी हिमाचल के हितों की मजबूती से पैरवी की है। नीति आयोग से ग्रीन बोनस की मांग, राजस्व घाटा अनुदान में वृद्धि, हिमाचल की ऋण सीमा को दो प्रतिशत बढ़ाने, 110 मेगावॉट शानन विद्युत परियोजना का अधिग्रहण पंजाब से वापस लेने, भाखड़ा बांध प्रबंधन बोर्ड से बिजली एरियर जारी करने और फोरलेन सड़क परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के लिए हम लगातार संघर्ष कर रहे हैं।

**संवेदनशील वर्गों का संरक्षण:** हमारी सरकार संवेदनशील वर्गों का संरक्षण और कल्याण सुनिश्चित कर रही है। हिमाचल अनाथ व बेसहारा बच्चों और महिलाओं के लिए कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य बना है। मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना में 6,000 बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया गया है। इन बच्चों की पढ़ाई, जेब खर्च का जिम्मा प्रदेश सरकार उठा रही है। कांग्रेस के चुनावी घोषणा-पत्र की 6 गारंटियां पूरी की गई हैं। कांग्रेस सरकार ने अपना वादा पूरा करते हुए 1.36 लाख एनपीएस कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की है।

**74,600 से अधिक युवाओं को रोजगार:** आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद हमारी सरकार ने अपने कार्यकाल में 74,600 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। इसमें सरकारी क्षेत्र में लगभग 23,200 और निजी क्षेत्र में 51,400 से अधिक रोजगार के अवसर शामिल हैं।

**नशे सहित संगठित अपराध को रोकने के लिए विधेयक पारित:** प्रदेशभर में, विशेषकर युवाओं में, नशे की बढ़ती लत चिंता का विषय है। इस सामाजिक बुराई के कारण हमने कई बहुमूल्य जीवन खोए हैं। हमारी सरकार ने नशे के आदि व्यक्तियों के उपचार, पुनर्वास और नशे सहित संगठित अपराध को रोकने के लिए विधेयक पारित किए हैं, जिनमें नशा तस्करों को मृत्युदंड, आजीवन कारावास, 10 लाख तक जुर्माना, संपत्ति जब्त करने का प्रावधान, उनके पुनर्वास एवं आजीविका सहायता सहित विभिन्न प्रावधान शामिल हैं।

हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा पीआईटी एनडीपीएस एक्ट को कड़ाई से लागू किया गया है। इसके तहत 42 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति जब्त की गई है और 70 तस्करों की संपत्ति चिन्हित कर अब तक 44 तस्करों को हिरासत में लिया गया है। जिला सिरमौर के कोटला बड़ोग में 100 बिस्तर क्षमता का उत्कृष्ट नशा-मुक्ति केंद्र स्थापित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें मिलने वाली अनुग्रह राशि को बढ़ाया गया है। हमने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि में भी वृद्धि की है।

**वित्तीय संकट नहीं बनेगा आत्मनिर्भरता में बाधा:** मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हिमाचल को देश का सबसे समृद्ध तथा आत्मनिर्भर राज्य बनाने के हमारे संकल्प में वित्तीय संकट कोई बाधा नहीं बनेगा। हम आपकी उम्मीदों के अनुसार और आपके सहयोग से अपने इस सुंदर पहाड़ी राज्य को विकास के नए आयाम देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अंत में, मैं एक बार पुन: आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देता हूं तथा समस्त प्रदेशवासियों के सुखमय और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। जय हिंद, जय हिमाचल...।



# अनंत ज्ञान स्वतंत्रता दिवस विशेषांक बीबीएन

15 AUGUST

प्रस्तुति : ओम शर्मा : एरिया इंचार्ज औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन): 85809-13226





राम कुमार चौधरी विधायक दून | विनोद धीमान पुलिस अधीक्षक बद्दी | अशोक वर्मा एएसपी बद्दी | परमजीत सिंह पम्मी पूर्व विधायक दून | सुरजीत चौधरी चेयरमैन नप बद्दी | पंकज भंडारी सीईओ बबलू कम्यूनिकेशन | गुरप्रीत सिंह गब्बर एमडी सरदार ज्वैलर्स | रजनीश ठाकुर पत्रकार बीबीएन बद्दी

Happy Independence Day
समस्त देश-प्रदेशवासियों को अग्रणी समाचार पत्र **अनंत ज्ञान** की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## अनंत ज्ञान के सुधि पाठकों एंव विज्ञापनदाताओं का धन्यवाद।

ओम शर्मा : क्षेत्र प्रभारी अनंत ज्ञान औद्योगिक नगरी बीबीएन (हि.प्र.)

Mob.: 70186-73558, 85809-13226
E-mail: omsharma78558@gmail.com

SNG SHREE NAINA GLASS
SHREE NAINA GLASS
India's Leading Manufacturers for USP Type-1 Tubular Glass Vials & Neutral Glass Ampoules.
समस्त देश-प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
15TH AUGUST HAPPY INDEPENDENCE DAY
Vill. Katha, Ind. Area BADDI, Distt. Solan (H.P.) sales.sng@shreenainaglass.com

epl LEADING THE PACK
EPL LIMITED
EPL Limited (formerly Essel Propack Limited) is a global packaging company, specializing in the manufacturing of plastic packaging materials, particularly laminated and extruded tubes.
15TH AUGUST HAPPY INDEPENDENCE DAY
समस्त देश-प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
Vill. Bhatian, Ind. Area Nalagarh, Distt. Solan (H.P.)

innova CAPTAB
INNOVA CAPTAB LTD.
CELEBRATING 15 Happy Independence Day
समस्त देश व प्रदेशवासियों की स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
Hilltop Ind. Area EPIP-Phase-I, Jharmajri, Baddi, Distt. Solan (H.P.)

MICRO TURNER
MICRO TURNERS-II
Micro Turners Group, founded in 1969 is one of the largest integrated automotive component manufacturers in India.
समस्त देश-प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
15th AUGUST INDEPENDENCE Day
Ind. Area Jharmajri, Teh. Baddi, Distt. Solan (H.P.)

K Truth Builds Trust
KHURANA OLEA CHEMICALS
15 AUGUST INDIA INDEPENDECE DAY
समस्त देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
KHURANA OLEO CHEMICALS
Vill. Maganpura, Ropar-Nalagarh Road, Teh. Nalagarh, Distt. Solan (H.P.)

WE PROMISE HEALTH
BIONEXY PHARMA
Come & Connect For THIRD PARTY Manufacturing of Top-notch Qulity Soft Gel Capsules.
INDIA INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST
समस्त देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
Plot No. 31-B, Ind. Area Lodhimajra, Baddi, Distt. Solan (H.P.)

GOPAL LIFESCIENCES
A WHO GMP CERTIFIED UNIT
वंदे मातरम्
Gopal Lifesciences is a pharmaceutical company, established in 2006, and is part of the Gopal Cylinders Group of Industries.
Happy Independence Day
समस्त देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
Hill Top Ind. Area JHARMAJRI, Teh. Baddi, Distt. Solan (H.P.)

RINE ENGINEERING PVT. LTD.
15TH AUGUST INDEPENDENCE DAY
समस्त देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
Plot No. 73-A/B/C, HPSIDC, Ind. Area Baddi, Distt. Solan (H.P.)

# जमाबंदी से जमीन गायब, लोन अब भी चालू

## बिलासपुर राजस्व विभाग का कारनामा, स्योहला पटवार वृत्त (जुखाला) का है मामला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजस्व विभाग बिलासपुर की लापरवाही और कथित मिलीभगत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। स्योहला पटवार वृत के अंतर्गत एक व्यक्ति की जमीन जमाबंदी से रहस्यमयी तरीके से गायब कर दी गई, जबकि उसी जमीन के खसरा नंबर पर बैंक का लोन अब भी जारी है।

पीड़ित ओम प्रकाश निवासी भटोल, जुखाला का कहना है कि यह मामला तब सामने आया जब वह अपनी दुकानों के लिए बिजली का मीटर लगवाने पटवारी के पास गया। पटवारी ने साफ कह दिया कि आपके नाम कोई जमीन ही दर्ज नहीं है, तो मीटर कैसे लगेगा? यह सुनकर ओम प्रकाश के होश उड़ गए। ओम प्रकाश के अनुसार, वर्ष 2013/14 की जमाबंदी में उसका नाम खसरा नंबर 169/8 पर दर्ज था, जिस पर बैंक का लोन भी अंकित है, लेकिन 2018/19 और 2023/24 की जमाबंदी में उसका हिस्सा अचानक गायब कर दिया गया। आरोप है कि पटवारी और कानूनगो की मिलीभगत से यह खेल किया गया और अब न तो जमाबंदी की नकल दी जा रही है, न ही मीटर लगाने की अनुमति।

**पीड़ित ने एसपी को की शिकायत, उच्च स्तरीय जांच की मांग**

पीड़ित ने एसपी बिलासपुर को शिकायत देकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उधर, डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने बताया कि शिकायत पुलिस चौकी नमहोल को जांच के लिए भेज दी गई है।

## अवैध मछली शिकार पर कसा शिकंजा, रिकॉर्ड 610 मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल में मत्स्य आखेट के वर्जित काल में मछली माफिया पर इस बार मत्स्य विभाग का डंडा जमकर चला। विभाग ने अवैध मछली शिकार के रिकॉर्ड 610 मामले दर्ज कर 5.59 लाख रुपए मुआवजा वसूला, पिछले साल से 168 मामले और 2.66 लाख रुपये ज्यादा।

निदेशक विवेक चंदेल ने बताया कि यह कार्रवाई विभाग की सख्त निगरानी और लगातार गश्त का नतीजा है। प्रदेश में 16 जून से 15 अगस्त तक मछली पकड़ना पूरी तरह प्रतिबंधित है, क्योंकि यह अधिकांश प्रजातियों का प्रजनन काल है, लेकिन नियम तोड़ने वालों को इस बार कोई राहत नहीं मिली। गोबिंदसागर में 19 और कोलडैम में 3 निगरानी कैंप, पौंग डैम में 17 कैंप, चंबा में 3 कैंप और तीनों जलाशयों में उड़न दस्तों की तैनाती ने मछली माफिया की कमर तोड़ दी। सड़क, जल और पैदल गश्त के साथ हर एंगल से चौकसी बरती गई। पिछले साल 442 मामले और 2.93 लाख रुपए मुआवजे के मुकाबले इस बार कार्रवाई में 40 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी हुई। सहायक निदेशक से लेकर क्षेत्रीय सहायकों तक, पूरी टीम ने कड़ी मेहनत कर वर्जित अवधि में अवैध मत्स्य आखेट पर नकेल कस दी।

## विभाजन विभीषिका दिवस पर राष्ट्रीय एकता का संदेश, शहीद को दी श्रद्धांजलि : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने वीरवार को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के गगरेट विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने इस दिवस को भारत की परंपरा को राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने वाला सराहनीय प्रयास बताया।

अपने संबोधन में अनुराग ने 14 अगस्त 1947 के भारत विभाजन को एक गहरी त्रासदी बताते हुए कहा कि यह घटना न केवल लाखों लोगों के विस्थापन और बलिदान का कारण बनी, बल्कि देश की सांप्रदायिक एकता को भी गहरी चोट पहुंचाने वाली थी। उन्होंने कहा कि विभाजन की इस पीड़ा को मोदी सरकार ने महसूस किया और इस दिन को स्मृति दिवस के रूप में मनाने की पहल कर पीड़ितों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा' अभियान ने देश की एकता और गौरव को एक नए शिखर पर पहुंचाया है।

उन्होंने कहा कि आज लाल चौक श्रीनगर से लेकर देश के कोने-कोने में तिरंगा लहराकर देशवासियों ने राष्ट्रप्रेम का अभूतपूर्व उदाहरण प्रस्तुत किया है।

इसी दिन उन्होंने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के शहीद हुए भारतीय सेना के जवान लक्की को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शहीद अरुण कुमार का बलिदान देश को सदैव स्मरण रहेगा। वीरभूमि हिमाचल का यह बेटा हमारे लिए गर्व का विषय है। ठाकुर ने इस अवसर पर भारत की सांस्कृतिक एकता, सैन्य शौर्य और लोकतांत्रिक मूल्यों को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर में आज विस उपाध्यक्ष करेंगे ध्वजारोहण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर के मैदान में शुक्रवार को आयोजित किए जाने वाले 79वें जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि इस समारोह की अध्यक्षता प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार करेंगे। वह सुबह 11 बजे ध्वजारोहण करेंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे। इस परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और एनएसएस की टुकड़ियां भाग लेंगी। समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि मौसम के खराब रहने की स्थिति के मद्देनजर भी आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। इसके लिए सभी संबंधित विभागों और नगर निगम के अधिकारियों को पहले ही दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उपायुक्त ने सभी हमीरपुर वासियों से जिला स्तरीय समारोह में भाग लेने की अपील की है।

### पोलियां परोहितां में जमीन धंसी, परिवार संकट में



**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल अंब के तहत पोलियां परोहितां पंचायत में लगातार हो रही भारी वर्षा ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 5 निवासी बलविंदर सिंह के घर के पास की जमीन धंसने से उनके घर को गंभीर क्षति पहुंचने का खतरा पैदा हो गया है। हादसे में घर के साथ बना बाथरूम और पानी का टैंक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे उसे करीब 5 लाख का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने तिरपाल लगाकर पानी के रिसाव से बचाव की कोशिश की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना पूरे ग्राम की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है और प्रभावित परिवार भय व असुरक्षा के माहौल में रह रहा है। पंचायत प्रधान मंजू ने बताया कि उन्होंने यह मामला विधायक सुदर्शन सिंह बबलू के ध्यान में लाया है, जिन्होंने सहायता का आश्वासन दिया है। इससे पहले ही इस मकान को डंगा लगाने का पंचायत में प्रस्ताव पास कर दिया, जैसे ही पैसा मंजूर होता है, डंगा लगा दी जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत प्रभावित स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक राहत प्रदान की जाए। साथ ही क्षेत्र के अन्य संभावित खतरनाक स्थानों का सर्वे किया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके।

### 12 सितंबर तक बंद रहेगी लंबलू-कैहरवीं सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएमजीएसवाई के तृतीय चरण में अपग्रेड की जा रही हमीरपुर-भोरंज-जाहू सड़क के कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए इस सड़क पर लंबलू और कैहरवीं के बीच के हिस्से पर यातायात 12 सितंबर तक बंद किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान हमीरपुर से भोरंज की ओर जाने वाले वाहन लंबलू से सुहाड़ा, डुग्गी और डबरेड़ा होते हुए कैहरवीं चौक पहुंच सकते हैं। इसी प्रकार, भोरंज से हमीरपुर की ओर से आने वाले वाहन कैहरवीं चौक से झनिक्कर-ताल वाया बढ़ार सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

### एनआईटी हमीरपुर की पैकेज के साथ शानदार शुरुआत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर ने सत्र 2025-2026 में 68 लाख के पैकेज के साथ शानदार शुरुआत की है। कॉर्पोरेट जगत का विश्वास 2025-26 के चालू सत्र के लिए भर्ती प्रक्रिया में दिखाई दे रहा है, जिसकी शुरुआत 15 दिन पहले हुई थी। इस सत्र की शुरुआत कैंपस इंटरव्यू के जरिए लाखों के वेतन पैकेज के साथ हुई है। विजिज पहली कंपनी है, जिसने 42 लाख के पैकेज के साथ प्लेसमेंट सत्र की शुरुआत की। 15 दिनों के भीतर, 2 छात्रों को एटलेसियन में 68 लाख के पैकेज पर, 1 को डी शॉ में 58 लाख, 1 छात्र को सेल्सफोर्स में 44 लाख, 2 छात्रों को विजिज में 42 लाख, 2 छात्रों को मैथ्स वर्क में 31 लाख, 1 को जेपी मॉर्गन में 19.75 लाख, 11 छात्रों को वेल्स फार्गो में 24 लाख और 6 को एक्सेंचर में 12 लाख के पैकेज पर प्लेसमेंट मिला है। निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने सभी हितधारकों को बहुत खुशी के साथ सूचित किया कि पिछले वर्ष 2024-25 के लिए प्लेसमेंट इंडेक्स 92.63 के रूप में समाप्त हुआ है।

### अनुराग ठाकुर अपने क्षेत्र में दें ध्यान : सांख्यान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा है कि अनुराग ठाकुर को यदि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद और उस पद की कार्यशैली का ही पता नहीं है तो उन्हें सांसद बनने का नैतिक अधिकार ही नहीं है। संदीप सांख्यान ने कहा कि हमीरपुर के सांसद जिस तरह से वोट चोरी के मसले को पक्षकारवादी करके सफाई देने की बजाए लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष को निशाना बनाकर वोट चोरी को छुपाना चाहते हैं, यह कार्यशैली अब नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के तथ्य अब सामने आ चुके हैं। सवाल बड़ा सीधा सा है कि वोट चोरी पड़े पैमाने पर हुई है जिससे केंद्र की सरकार बचना चाहती है जिसका जवाब न तो प्रधानमंत्री देना चाहते हैं और न ही गृह मंत्री। संदीप सांख्यान ने आपके लोकसभा हलके में आपकी केंद्र सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं की भूमिका नग्न है, बेहतर होगा कि यदि आप राहुल गांधी पर छींटाकसी न करते हुए अपने कार्यो पर ध्यान दें।

### अंब में वन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** वन परिक्षेत्र अंब में 76वां वन महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह की उपस्थिति में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना (आरजीवीएसवाई) का शुभारंभ किया गया। ऊना वन मंडल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र अंब में आरजीवीएसवाई योजना के लिए 4 महिला मंडल और 1 युवक मंडल का चयन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने सभी महिला मंडलों एवं युवक मंडल का उत्साहवर्धन करते हुए पौधरोपण कार्य में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस योजना के अंतर्गत कुल 2 हेक्टेयर क्षेत्र में 1600 पौधे लगाए जाएंगे, अर्थात् प्रति हेक्टेयर 800 पौधे। पौधारोपण का संपूर्ण कार्य महिला मंडलों द्वारा किया जाएगा, जबकि फेंसिंग एवं निगरानी का कार्य वन विभाग द्वारा संपन्न किया जाएगा। इस पौधारोपण कार्य के लिए महिला मंडलों को कुल 2,40,000 की राशि प्रदान की जाएगी।

### तकनीकी विवि के छात्रों ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में 79वां स्वतंत्रता दिवस विद्यार्थियों ने मनाया। इस मौके पर तकनीकी विवि के विद्यार्थियों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर एक-दूसरे और प्राध्यापकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। वहीं, हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यार्थियों को तिरंगे वितरित किए गए।

### प्राकृतिक खेती : 136 किसानों को मिले 6 लाख

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के मुख्यमंत्री सुक्खू के प्रयासों के सराहनीय परिणाम आने शुरू हो गए हैं। प्राकृतिक खेती से तैयार फसलों को अलग से उच्च दाम देने के प्रदेश सरकार के निर्णय से किसानों की आय में अच्छी-खासी वृद्धि होने लगी है। इससे हमीरपुर जिले के किसान लाभान्वित हो रहे हैं। पिछले रबी सीजन के दौरान जिले में प्राकृतिक खेती से तैयार 96.96 क्विंटल गेहूं की खरीद प्रदेश सरकार ने की, जिसका 136 किसानों को सीधा लाभ हुआ है। इन किसानों को उनकी उपज का दाम 60 रुपए प्रति किलोग्राम मिला और इसके साथ ही उन्हें 2 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से परिवहन उपदान भी मिला। यानि उनकी गेहूं 62 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बिकी। आतमा परियोजना हमीरपुर के परियोजना निदेशक डॉ. नितिन शर्मा ने बताया कि 96.96 क्विंटल गेहूं की कीमत 5,81,760 रुपए और 19,392 रुपए के परिवहन उपदान की राशि अभी हाल ही में जिले के 136 किसानों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित कर दी गई है। डॉ. नितिन शर्मा ने बताया कि अब इस गेहूं का आटा और दलिया शीघ्र ही बाजार में उपलब्ध करवा दिया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्यान्न मिलेगा।

## विधायक लखनपाल ने किया पौधरोपण जनता से पर्यावरण संरक्षण का आह्वान



बड़सर विधानसभा क्षेत्र के घुमारली में वन विभाग ने आयोजित किया वन महोत्सव।

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के घुमारली में वन विभाग द्वारा आयोजित 76वें वन महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और पौधरोपण कर हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया।

विधायक लखनपाल ने कहा कि वन महोत्सव केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और स्वस्थ पर्यावरण का संकल्प है। एक पौधा लगाना सिर्फ पेड़ उगाना नहीं, बल्कि भविष्य को जीवन देना है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा और संवर्धन करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना उन्हें रोपना। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष नीरज शर्मा एवं संजय बन्याल, मंडल महामंत्री दिनेश व्यास, मंडल कोषाध्यक्ष सुरेंद्र अग्निहोत्री, बूथ अध्यक्ष बी.डी. शर्मा, मिलाप चन्द, अनुराग, रजत, राहुल सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में वन्य अधिकारी व कर्मचारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## तकनीकी विवि में बीटेक की 65 और सीटें आवंटित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में वीरवार को बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग के दूसरे दिन 65 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई।

दूसरे दिन एसटी मुख्य श्रेणी, उपश्रेणी, ईडब्ल्यूएस सहित अन्य सामान्य वर्ग की उप श्रेणियों के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हुई। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई, उन्हें 20 अगस्त तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी। 18 अगस्त को सामान्य श्रेणी, ऑल इंडिया कोटा और बेटी है अनमोल के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग प्रस्तावित है।

## हिमाचल में इतनी अराजकता, कर्ज और अव्यवस्था पहले कभी नहीं देखी : राजेंद्र

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



बोले-बंद क्रशर के मालिकों पर की जा रही कार्रवाई।

**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार चुने हुए लोगों और पत्रकारों पर झूठे मुकदमे बनाकर दबाने का काम कर रही है, चुने हुए लोग भी पीछे हटने वाले नहीं हैं और हमें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। अढ़ाई वर्षों में प्रदेश सरकार ने 40 हजार करोड़ रुपए का ऋण ले चुकी है, जबकि इससे पहले की सरकारें रहीं, उनका 2022 तक कुल 65 हजार करोड़ का ऋण लिया था। इतना अधिक ऋण लेने के बावजूद भी कर्मचारियों को वेतन, पेंशनरों के मेडिकल भत्ते और ठेकेदारों को पेमेंट नहीं मिल रहा है।

यह बात पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने हमीरपुर मे आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि कि प्रदेश के सात बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह ने भी एक बार कहा था कि ऐसे लोग यदि मुख्यमंत्री बनेंगे तो प्रदेश तबाह हो जाएगा। यही मंजर आज प्रदेश को मिलने को देखने को मिल रहा है। राजेंद्र राणा ने प्रेस कांफ्रेंस में वीरभद्र सिंह का वीडियो क्लिप भी दिखाया। उन्होंने कहा कि इतना अधिक ऋण लेने के बावजूद प्रदेश का खजाना खाली है।

राजेंद्र राणा ने कहा कि इतने कम समय में प्रदेश में इतनी अराजकता, कर्ज और अव्यवस्था पहले कभी नहीं देखी गई। उन्होंने देहरा उपचुनाव का जिक्र करते हुए राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर अपनी पत्नी को जिताने के लिए कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक से दोनों हाथों से पैसा लुटाया। 66 महिला मंडलों को 34 लाख रुपए बांटे गए, जबकि को-ऑपरेटिव विभाग मुख्यमंत्री के पास है। उन्होंने कहा कि वोट हासिल करने और अपनी पत्नी को जिताने के लिए सरकारी धन का खुलेआम इस्तेमाल हुआ। यही है मुख्यमंत्री की ईमानदारी और दरियादिली, जो अपनी निजी जमीन के लिए आईपीएच विभाग से 18 लाख रुपए का मुआवजा लेते हैं और सरकारी पैसे से करोड़ों के डंगे लगवाते हैं।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा के बंद पड़े क्रशर पर पुलिस कार्रवाई करवाने से मुख्यमंत्री की मानसिकता जगजाहिर हो गई है। चुने हुए प्रतिनिधि इस तरह की दबाव की नीति से डरने और झुकने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर भी एफआईआर दर्ज कराकर उनकी जुबान बंद करने की कोशिश की जा रही है, जो 1975 के आपातकाल की याद दिलाती है।

## ऊना में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, किसानों को दी एमएसपी राशि

**अनंत ज्ञान, ऊना**





विधायक विवेक शर्मा ऊना जिले के किसानों को प्रमाण पत्र देते हुए।

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक खेती समय की मांग है और इसे कृषि में क्रांति की तरह आगे बढ़ाना होगा। वह वीरवार को आतमा परियोजना के तत्वावधान में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में ऊना जिले के सभी पांच विकास खंडों के लाभार्थी 39 किसानों को प्राकृतिक गेहूं की सरकारी खरीद पर कुल 25.83 लाख रुपए की एमएसपी (न्यमतम समर्थन मूल्य) राशि वितरित की गई।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू किसानों की पीड़ा को भलीभांति समझते हैं और उनके हित में ठोस कदम उठा रहे हैं।

प्राकृतिक गेहूं के लिए 60 रुपए और मक्की के लिए 40 रुपए प्रति किलो एमएसपी तय करना, साथ ही 2 रुपए प्रति किलो की दर से परिवहन भत्ता देना इसका स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह फैसले किसानों की आय बढ़ाने और लोगों को बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करने में सहायक बने हैं।

**जिले में बढ़ रहा प्राकृतिक खेती का दायरा :** कार्यक्रम में आतमा परियोजना निदेशक वीरेंद्र बग्गा ने बताया कि ऊना जिले में 2,092 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती हो रही है और 16,858 किसान प्रशिक्षण लेकर इस पद्धति से जुड़े हैं। बीते सीजन में जिले में खरीदी गई 41.88 मीट्रिक टन गेहूं में अंब ब्लॉक से 4.91 मीट्रिक टन, बंगाणा से 2.35, गगरेट से 16, हरोली से 11.15 और ऊना से 7.24 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मदन मोहन सैनी, डीआरडीए परियोजना अधिकारी केएल वर्मा, आतमा परियोजना की उपनिदेशक शामली गुप्ता तथा तनुजा कपूर, कुटलैहड़ के युवा कांग्रेस पदाधिकारी गोल्डी, हर्ष, रिशु और दीपक सहित लाभार्थी किसान व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जाहू पशु चिकित्सालय के नए भवन का निर्माण कार्य बजट के अभाव के कारण लटका

**अनंत ज्ञान, जाहू**

कार्य पूरा न होने की वजह से आधा अधूरा खड़ा किया गया भवन खंडर बनता जा रहा है। लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद आधे अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए बजट न मिलने पर जाहू पशु चिक्तिशालय भवन के चारों तरफ झाड़ियां फैल गई हैं।

पूर्व भाजपा सरकार में जाहू पशु औषधालय को स्तरोन्नत कर चिकित्सालय का दर्जा दिया था। इसके बाद चिकित्सालय के लिए नए भवन का निर्माण कार्य 2021 में शुरू हुआ। इस भवन पर करीब 66 लाख रुपए का बजट प्रस्तावित था। नवनिर्मित भवन में बिजली का मीटर भी लग चुका है। प्राप्त बजट खत्म हो चुका है, लेकिन अभी तक खिड़कियां, दरवाजे, बिजली की फिटिंग और रंग-रोगन व अन्य कार्य होना बाकी है। बारिश का पानी भी भवन के अंदर आ रहा है।

उधर, पशुपालन विभाग हमीरपुर के सहायक निदेशक परियोजना डॉ. सतीश वर्मा ने कहा कि बाकी के कार्य के लिए करीब दस लाख रुपए के अतिरिक्त बजट की मांग की गई है। राशि प्राप्त होते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## भारी बारिश को लेकर ऊना प्रशासन चौकस



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** ऊना जिले में लगातार हो रही वर्षा से जनजीवन प्रभावित हुआ है। सरकारी और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ अनेक विकास परियोजनाएं भी बाधित हुई हैं। नुकसान का आकलन किया जा रहा है, किंतु फिलहाल प्रशासन का पूरा ध्यान जनता की सुरक्षा और व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन पर केंद्रित है। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूर्ण सतर्कता और तत्परता के साथ सक्रिय है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद, जलशक्ति, विद्युत, स्वास्थ्य सहित सभी विभागों की टीमें फील्ड में तैनात हैं। सड़कों को बहाल करने, जलभराव और मलबा हटाने तथा प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध करवाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य जारी है। उपायुक्त ने आज लालसिंगी और समूरकलां समेत विभिन्न प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया और मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान और डीआरडीए के परियोजना अधिकारी के.एल. वर्मा भी उनके साथ रहे।

## शहीद अरुण को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के चताड़ा गांव के वीर सपूत अरुण कुमार लक्की को वीरवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। ड्यूटी के दौरान आकस्मिक निधन के बाद जब उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, तो हर आंख नम थीं और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

शहीद की अंतिम यात्रा में विधायक विवेक शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी और परिवारजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। विधायक ने कहा कि शहीद अरुण कुमार लक्की का बलिदान प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है और सरकार उनके परिवार के साथ हर कदम पर खड़ी रहेगी। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल, सेना के जवान, पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक संगठन मौजूद रहे।



कुटलैहड़ के विधायक भी शहीद को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

पुलिस की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर शहीद को अंतिम सलामी दी। जैसे ही शव यात्रा गांव की गलियों से गुजरी, ग्रामीणों ने फूल बरसाकर अपने सपूत को विदाई दी। हर चौक और मोड़ पर लोग कतारबद्ध खड़े थे और 'अरुण कुमार अमर रहें' के नारों से वातावरण गूंज उठा।

शहीद अरुण कुमार लक्की अपने पीछे पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। बच्चे अभी स्कूल में पढ़ रहे हैं। उनके असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांववासियों ने बताया कि वे मिलनसार और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले व्यक्ति थे। ड्यूटी के प्रति उनका समर्पण हमेशा चर्चा में रहता था। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी शहीद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और विधायक विवेक शर्मा से बात कर परिवार को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

विधायक ने कहा कि शहीदों के परिवारों को विशेष सहायता योजना के तहत आर्थिक सहायता, बच्चों की शिक्षा और रोजगार की गारंटी दी जाएगी। गांववासियों ने भी भरोसा दिलाया कि वे शहीद के परिवार के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहेंगे। शहीद लक्की का यह बलिदान आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता रहेगा।

## उपलब्धि | नेशनल एचीवमेंट सर्वे में 21वें स्थान से छलांग लगाकर 5वीं रैंकिंग की हासिल

# शिक्षा के क्षेत्र में रोहित ठाकुर ने हिमाचल को दिलाया नया गौरव

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था ने बीते डेढ़ साल में अभूतपूर्व बदलाव का दौर देखा है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में प्रदेश ने न केवल राष्ट्रीय रैंकिंग में शानदार उछाल दर्ज किया, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पारदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं।



रोहित ठाकुर
शिक्षा मंत्री

हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था ने बीते डेढ़ वर्ष में ऐतिहासिक बदलाव का सफर तय किया है और इस परिवर्तन की कमान संभाले हुए हैं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। उनके नेतृत्व में राज्य ने राष्ट्रीय शिक्षा परिदृश्य में अपनी अलग पहचान बनाई है। नेशनल एचीवमेंट सर्वे में हिमाचल ने 2021 के 21वें स्थान से छलांग लगाकर 5वां स्थान हासिल किया है, वहीं एएसईआर रिपोर्ट में पढ़ने और सीखने की क्षमता के मामले में हिमाचल ने केरल जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

रोहित ठाकुर के कार्यकाल में शिक्षा क्षेत्र में लंबे समय से लंबित कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां पूरी हुईं। करीब 5,800 पदों को मंजूरी दी गई, जिनमें से 4,000 से अधिक पर नियुक्तियां हो चुकी हैं। इससे एकल शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या लगभग आधी हो गई है। 119 कॉलेज प्रधानों की नियुक्ति, 1,900 स्कूल प्रधानों का नियमितीकरण और प्रोमोशन प्रक्रिया शुरू कर संस्थागत मजबूती दी गई है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए ठाकुर ने 1,094 प्राथमिक और मध्य विद्यालयों का समेकन किया और कम नामांकन वाले सेकेंडरी स्कूलों व कॉलेजों को डिनोटिफाई करने की प्रक्रिया शुरू की। प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए उन्होंने निर्देश दिया कि अब नदी-नालों के पास स्कूल भवन नहीं बनाए जाएंगे। रोहित ठाकुर के इन फैसलों ने न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया, बल्कि जनता के बीच सरकार की छवि को भी मजबूत किया है। आज हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था फिर से अपने पुराने गौरव की ओर बढ़ रही है और इसका श्रेय निस्संदेह शिक्षा मंत्री की दूरदर्शिता, त्वरित निर्णय क्षमता और प्रतिबद्धता को जाता है।

### अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में बड़ा कदम

**शिक्षा** की गुणवत्ता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए हिमाचल सरकार यूनिसेफ (यूनेस्को) के साथ समझौता करने जा रही है, ताकि उच्च शिक्षा और समावेशन में सुधार लाया जा सके। वहीं, 937 टीजीटी और 1,800 से अधिक जेबीटी पदों पर चयन प्रक्रिया भी जारी है। परीक्षा प्रणाली में भी पारदर्शिता लाने के उनके प्रयास चर्चा में रहे। 12वीं कक्षा के अंग्रेजी प्रश्नपत्र में गलत उत्तर कुंजी के मामले में उन्होंने तत्काल पुनर्मूल्यांकन के आदेश दिए, जिससे 5,724 छात्र पास हुए और पास प्रतिशत 83.16 से बढ़कर 88.64 हो गया।

## उपमंडल गगरेट में चोरी की वारदातें बढ़ीं

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** उपमंडल गगरेट में सक्रिय हुआ अज्ञात चोर गिरोह की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले हुई चोरी की वारदातों को पुलिस सुलझा नहीं पा रही है कि अज्ञात चोर नई वारदात कर पुलिस के समक्ष चुनौती पेश कर रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में अज्ञात चोर तहसील मुख्यालय घनारी में एक दुकान को निशाना बनाकर करीब 38 हजार रुपए की नकदी व डीवीआर पर हाथ साफ कर गए। वारदात की जानकारी मिलते ही गगरेट पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है। घनारी स्थित नवी कंयुनिकेशन एंड जनरल स्टोर के मालिक नवदीप चौधरी ने बताया कि वीरवार सुबह जब वह दुकान के लिए आए तो उसके ताले टूटे देखकर दंग रह गए। जब उन्होंने दुकान के अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखी करीब 38 हजार रुपए की नकदी गायब थी। दुकान के अंदर सीसीटीवी कैमरे भी लगे थे, जिनके चोरों ने मुंह मोड़ दिए और डीवीआर भी साथ ले गए। इससे पहले अज्ञात चोर संघनई गांव में एक वाशिंग सेंटर पर हाथ साफ कर गए तो अंबोटा गांव में दो बंद पड़े मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपए के स्वर्ण आभूषण उड़ा ले गए, लेकिन अज्ञात चोरों को कोई सुराग नहीं लग पाया। अब पुलिस घनारी गांव का मोबाइल टावर का डंप डाटा भी खंगाल रही है जबकि कुछ सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने का प्रयास किया लेकिन अधिकतर कैमरे खराब पाए गए। अज्ञात चोरों का सुराग लगाने के लिए एसएचओ सनी गुलेरिया खुद प्रयास कर रहे हैं ताकि चोरी की वारदात को सुलझाया जा सके। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस तहकीकात कर रही है।

यदि तुम किसी का चरित्र जानना चाहते हो तो उसके महान कार्य न देखो, उसके जीवन के साधारण कार्यों का सूक्ष्म निरीक्षण करो। - **अरविंद घोष**

## संपादकीय

# आजादी एक धरोहर

देश आज अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मना रहा है। तरंगे की शान और गगनभेदी 'जय हिंद' के नारों के बीच, यह दिन हमें उन अनगिनत बलिदानों की याद दिलाता है, जिन्होंने इस राष्ट्र को आजाद कराने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। भारत की आजादी कोई एक दिन में मिली उपलब्धि नहीं है। यह सदियों के संघर्ष, असंख्य बलिदानों और अनगिनत आंसुओं से उपजी आजादी है। 1857 की प्रथम स्वतंत्रता क्रांति से लेकर 1947 तक का हर दशक स्वतंत्रता की लौ को और प्रखर करता गया। महात्मा गांधी ने सत्याग्रह और अहिंसा के मार्ग पर चलकर जनांदोलन खड़ा किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का आह्वान करके युवाओं में जोश भरा। भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने फांसी के फंदे को हंसते-हंसते चूमा। चंद्रशेखर आजाद ने अपने आखिरी क्षणों तक गुलामी स्वीकार नहीं की।

यह संघर्ष केवल किसी एक जाति, धर्म या क्षेत्र का नहीं था-हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी ने कंधे से कंधा मिलाकर आजादी की मशाल को जलाए रखा, लेकिन जब 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता का सूरज उगा, तब इसकी किरणें विभाजन के दर्द से धुंधली थीं। लाखों लोगों का विस्थापन, सांप्रदायिक दंगे और अनगिनत जानें इस त्रासदी में चली गईं। यह याद रखना जरूरी है कि आजादी का अर्थ केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, धार्मिक सहिष्णुता और आपसी भाईचारे को कायम रखना भी है। आजादी के बाद भारत ने लोकतंत्र, संविधान और विकास की राह चुनी। एक ओर वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक विकास और आर्थिक सुधारों ने देश को आगे बढ़ाया, तो दूसरी ओर गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियां भी बनी रहीं।

आज हम दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक शक्तियों में गिने जाते हैं, लेकिन हमें यह भी मानना होगा कि यह यात्रा अभी अधूरी है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यह सवाल उठाना जरूरी है कि क्या हम आजादी के उस अर्थ को सही मायनों में जी रहे हैं, जिसके लिए लाखों लोगों ने बलिदान दिया था? आज की युवा पीढ़ी के सामने मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया की दुनिया है। वैश्वीकरण ने अवसर तो बढ़ाए हैं, लेकिन इसके साथ चुनौतियां भी आई हैं। राष्ट्रभक्ति अब केवल भाषणों या समारोहों तक सीमित न रह जाए-यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। युवाओं को आजादी का अर्थ समझाना होगा कि यह सिर्फ अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति नहीं है, बल्कि यह अपने विचार, कर्म और चरित्र में स्वाधीन होना है।

इसका मतलब है स्वतंत्र सोच और विवेक से निर्णय लेना। समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की जिम्मेदारी। हर धर्म, जाति और वर्ग के प्रति सम्मान रखना। आज भारत कई आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का सामना कर रहा है। सीमाओं पर सुरक्षा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा, जलवायु परिवर्तन, बेरोजगारी और तकनीकी बदलावों के बीच संतुलन-ये सभी ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर काम करना जरूरी है। इसके साथ ही, सामाजिक सौहार्द और एकता को बनाए रखना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। दुर्भाग्य से, देश में कभी-कभी नफरत, भेदभाव और विभाजन की राजनीति देखने को मिलती है। हमें यह याद रखना होगा कि स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों ने भारत को एकता और भाईचारे के आदर्श पर खड़ा किया था। यदि हम इन मूल्यों से भटकते हैं, तो यह बलिदानों का अपमान होगा।

भारत की आधी से ज्यादा आबादी युवा है। यदि यह ऊर्जा सही दिशा में लगे, तो भारत को विश्व शक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता। युवाओं को शिक्षा में उत्कृष्टता, स्वास्थ्य में जागरूकता, तकनीकी कौशल में दक्षता, सामाजिक सेवा में सक्रियता-इन चार स्तंभों को अपनाकर देश की मजबूती में योगदान देना चाहिए। आज का युवा केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता बन सकता है-नई सोच, नए स्टार्टअप, सामाजिक सुधार और नीति निर्माण में भागीदारी के माध्यम से। स्वतंत्रता की रक्षा केवल सेना और पुलिस का कार्य नहीं है। यह हर नागरिक का दायित्व है। हमें संविधान और कानून का सम्मान करना, पर्यावरण की रक्षा करना, कर और कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना, भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना-इन संकल्पों को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

स्वतंत्रता दिवस केवल परेड, भाषण और ध्वजारोहण का दिन नहीं है। यह आत्ममंथन का अवसर है-हम अपने राष्ट्र के लिए क्या कर रहे हैं? क्या हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भारत छोड़ेंगे? इस स्वतंत्रता दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम आजादी के सही मायने समझेंगे और उन्हें अपने जीवन में उतारेंगे। यह आजादी केवल हमारी पीढ़ी की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की भी धरोहर है। इसे सुरक्षित रखना, संवारना और आगे बढ़ाना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। तिरंगे की शान, देश की आन और बलिदानों की अमर गाथा हमें हमेशा याद दिलाती रहे कि स्वतंत्रता अमूल्य है और इसे बनाए रखने के लिए समर्पण, त्याग और एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। ■

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## हिंदी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री



राखी गुलजार
जन्म :15 अगस्त, 1947

**राखी** गुलजार भारतीय हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। उन्होंने सत्तर और अस्सी के दशक में अपने अभिनय से सिने प्रेमियों को दीवाना बनाया। इनके बचपन का नाम 'राखी मजूमदार' था जो विवाह के बाद बदल कर 'राखी गुलजार' हो गया। 1971 में ही उनकी दो फिल्में 'लाल पत्थर' और 'पारस' आई, जिसमें राखी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। उन्हें फिल्मों में बेहतरीन योगदान देने की वजह से 2003 में 'पद्मश्री' और तीन बार फिल्मफेयर तथा दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राखी का जन्म एक बंगाली परिवार में पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में राणाघाट स्थान पर हुआ था। राखी के जन्म के कुछ देर पहले ही भारत में आजादी की घोषणा हुई थी। कम उम्र में ही राखी ने 1963 में फिल्म निर्देशक अजय बिश्वास से विवाह किया। विवाह से पहले अजय बिश्वास एक जाने माने पत्रकार हुआ करते थे। राखी की यह शादी ज्यादा समय तक नहीं चली और उनका तलाक दो साल बाद 1965 में हो गया। तत्पश्चात् उन्होंने 15 मई, 1973 में मशहूर गीतकार गुलजार से विवाह कर लिया। उनसे उन्हें एक बेटी मेघना गुलजार हुई। ■

कविता

## मैं हिंदुस्तान हूं



जीवन वैरागी, बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश

*विश्व के नक्शे पर, एक अलग पहचान हूं।*
*किसी से नहीं भेदभाव, हर किसी पर मेहरबान हूं।*
*कश्मीर से कन्याकुमारी तक फैला हूं,*
*हां हां हां मैं हिंदुस्तान हूं।*
*मेरी इस अनोखी धरा पर, हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई।*
*सब रहते हैं सब रहते हैं, हर किसी के हृदय में।*
*हर धड़कन में विराजमान हूं, हां हां हां मैं हिंदुस्तान हूं।*
*देशभक्तों के लिए उनकी जान हूं, हर भारतवासी का आसमान हूं।*
*बुरा किसी का करता नहीं मैं, दुश्मन से कभी डरता नहीं मैं।*
*जो मुझसे बिन बजह टकराए, उसके लिए तो श्मशान हूं।*
*हर बच्चे, बूढ़े चेहरे की मुस्कान हूं, हां हां हां मैं हिंदुस्तान हूं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आजादी दिलाने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों को जय हिंद





**लकेश चंदेल**
वीर सोहन सिंह चंदेल स्वतंत्रता सेनानी आजाद हिंद फौज के पौत्र

आज फिर से वह दिन आया है जिसके लिए न जाने कितने स्वतंत्रता के मतवालों ने अपना लहू बहाया है। भारतीय इतिहास में 15 अगस्त का दिन सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है, क्योंकि इसी दिन 15 अगस्त 1947 को हमारे देश के वीरों ने अंग्रेजों को भारत से खदेड़-खदेड़ कर भगाया तथा पूर्ण रूप से स्वतंत्रता को प्राप्त किया था। तब से लेकर हर वर्ष 15 अगस्त का दिन स्वतंत्रता महापर्व के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है तथा इस दिन उन स्वतंत्रता सेनानियों, महापुरुषों तथा फौजी भाइयों को याद किया जाता है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर भारतवर्ष को आजादी दिलाई थी।

ब्रिटिश शासन ने लगभग 200 वर्षों तक भारत पर शासन किया। इस ब्रिटिश शासन के साम्राज्य को खत्म करने के लिए भारत के नौजवानों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों सभी ने एकजुट होकर आजादी को प्राप्त करने के लिए संघर्ष किया तथा पूर्ण आजादी को प्राप्त किया। 1757 में प्लासी के युद्ध के बाद भारत में अंग्रेजी सत्ता आ गई तथा यही समय था जब अंग्रेजों ने भारत में आगमन करके लगभग 200 सालों तक शासन किया। शुरुआती दौर में अंग्रेजों ने ईस्ट इंडिया नामक एक कंपनी से भारत पर शासन स्थापित किया। 1857 में कुछ असंतुष्ट स्थानीय शासकों ,किसानों, लोगों तथा सैनिकों द्वारा अंग्रेजी कंपनी ईस्ट इंडिया के विरुद्ध एक बहुत बड़ा आंदोलन खड़ा कर दिया, जिसे 1857 का विद्रोह या प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भी कहा जाता है।

इस विद्रोह ने ब्रिटिश साम्राज्य को जड़ से हिलाकर रख दिया परिणामस्वरूप भारत में अंग्रेजों ने ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन खत्म करके कुछ नई नीतियों के साथ ब्रिटिश साम्राज्य की हुकूमत शुरू कर दी। कहा जाता है कि अगर इस 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में यदि पूर्ण योजना तथा एक जुटता अपनाई होती, तो उसी समय भारत को ब्रिटिश शासित ईस्ट इंडिया कंपनी से स्वतंत्रता प्राप्त हो जानी थी। महात्मा गांधी का स्वतंत्रता संग्राम में एक बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा।

महात्मा गांधी ने 1917 का चंपारण सत्याग्रह, 1918 अहमदाबाद आंदोलन, 1918 खेड़ा आंदोलन, 1920 असहयोग आंदोलन, 1930 सविनय अवज्ञा आंदोलन, 1942 भारत छोड़ो आंदोलन इत्यादि प्रमुख आंदोलन रहे तथा इन आंदोलनों के परिणामस्वरूप अंग्रेजों को 1947 में भारत छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में रवींद्र नाथ टैगोर ने नाइटहुड की उपाधि वापस कर दी थी तथा सर शंकर नायर ने गवर्नर जनरल की कार्यकारिणी परिषद से इस्तीफा दे दिया। व्यक्तिगत सत्याग्रह जो कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में शुरू किया गया था इसकी शुरुआत 17 अक्तूबर 1940 को हुई। प्रथम सत्याग्रही विनोबा भावे तथा द्वितीय सत्याग्रही जवाहरलाल नेहरू थे। हिमाचल प्रदेश के मंडी, बिलासपुर, चंबा, सिरमौर और शिमला में प्रजामंडल के नेताओं ने भाई दो न पाई दो के तहत प्रजा से भूमि लगान न देने का आग्रह किया। 26 जनवरी 1942 को हिमाचल प्रदेश में स्वाधीनता प्रतिज्ञा दिवस मनाया गया। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में महात्मा गांधी जी ने 'करो या मरो' का नारा दिया।

हिमाचल प्रदेश में भारत छोड़ो आंदोलन की सभाएं कुल्लू, मंडी, शिमला, ऊना, कांगड़ा, हमीरपुर, धर्मशाला, सुंदरनगर, सोलन में हुई तथा भक्तमाल सोहटा, पंडित हरिराम इत्यादि को गिरफ्तार किया गया। गांधी के जेल में होने के कारण उनकी मुंबई से प्रकाशित होने वाली हरिजन पत्रिका का संपादन कार्य राजकुमारी अमृत कौर ने अपने निवास समर हिल शिमला से जारी रखा। इस दौरान हिमाचल प्रदेश के अनेक स्वतंत्रता सेनानियों को ब्रिटिश सरकार ने जेल में डाल दिया। सुभाष चंद्र बोस द्वारा आजाद हिंद फौज का नेतृत्व संभालने पर गांधी ब्रिगेड, लक्ष्मीबाई ब्रिगेड, नेहरू ब्रिगेड, आजाद ब्रिगेड की सहस्त्र क्रांति में हिमाचल के लगभग 4000 नौजवानों ने भाग लिया था। नेता सुभाष चंद्र बोस, भक्त सिंह, बटुकेश्वर दत्त, सुखदेव, राजगुरु, सरदार वल्लभभाई पटेल, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, विपिन चंद्र पाल, पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, दादाभाई नरोजी, चंद्रशेखर आजाद, लाला लाजपत राय, मंगल पांडे , उधम सिंह, वीर सोहन सिंह चंदेल, विनोबा भावे, रानी लक्ष्मीबाई, सरोजिनी नायडू इत्यादि ऐसे अनेक प्रमुख व्यक्तित्व थे जिन्होंने अपने संपूर्ण जीवन को भारतवर्ष की आजादी दिलाने में न्योछावर कर दिया। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1857 ईस्वी को हुआ था। 1920 ईस्वी में वे भारतीय सिविल सेवा में उत्तीर्ण हुए।

1921 में उन्होंने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया तथा कांग्रेस के सदस्य बन गए। चितरंजन दास उनके राजनीतिक गुरु थे। बाद में उन्होंने कांग्रेस से त्याग पत्र देकर 1939 ईस्वी में ही 'फॉरवर्ड ब्लॉक' नामक एक नए संगठन की स्थापना की । जुलाई 1943 में पनडुब्बी से सिंगापुर पहुंचे। 4 जुलाई 1943 ईस्वी को राम बिहारी बोस ने सिंगापुर में आजाद हिंद फौज तथा इंडिया इंडिपेंडेंस लीग का नेतृत्व सुभाष चंद्र बोस को सौंप दिया। 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा' के नारों से सुभाष चंद्र बोस ने अपने सैनिकों तथा देशवासियों में स्वतंत्रता की चेतना भरी थी। अक्तूबर 1943 ईस्वी को सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में एक अस्थायी भारत सरकार की स्थापना की एवं गांधी को राष्ट्रपिता कहते हुए उनसे आशीर्वाद मांगा। उस समय जर्मनी, जापान तथा उसके समर्थक देशों द्वारा इस सरकार को मान्यता प्रदान की गई तथा जापानी सेना के सहयोग से आजाद हिंद फौज ने अंडमान एवं निकोबार दीप समूह पर अधिकार कर लिया। 15 अगस्त 1947 को भारत को पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान की गई। उसी दिन से लेकर आज तक भारत देश ने दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति कर संपूर्ण विश्व में स्वतंत्रता तथा प्रजातंत्र संरक्षक व समर्थक के रूप में कार्य किया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### नजरिया

# इतिहास, आजादी और युवाओं की जिम्मेदारी



**सुखदेव सिंह**
स्वतंत्र टिप्पणीकार, नूरपुर

इतिहास किसी भी समाज का दर्पण होता है। यह न केवल अतीत की घटनाओं का लेखा-जोखा है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत भी है। आज की युवा पीढ़ी साहित्य, संस्कृति, इतिहास, देशभक्ति और राष्ट्रवाद से जुड़ी रहे—यह समय की आवश्यकता है। इसी सोच के तहत हिमाचल प्रदेश भाजपा इस बार भी आजादी महोत्सव को बड़े उत्साह से मनाने की योजना बना रही है। तिरंगा यात्राओं के माध्यम से राष्ट्रवाद की अलख जगाने और देश की आन, बान, शान की रक्षा करने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का संकल्प लिया गया है।

सदियों की गुलामी के बाद भारत को स्वतंत्रता मिली। यह कोई संयोग नहीं था, बल्कि हजारों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का परिणाम था। आज के युवाओं को यह बताना बेहद जरूरी है कि भारत का इतिहास किन संघर्षों और कुर्बानियों से भरा हुआ है। दुर्भाग्य से, आधुनिक जीवनशैली और तकनीकी लहर में उलझी युवा पीढ़ी इतिहास, सभ्यता, संस्कृति और नैतिक मूल्यों से दूर होती जा रही है। इतिहास के वे सुनहरे पन्ने, जिन पर बलिदानों की कहानियां दर्ज हैं, हर भारतीय के लिए संजोकर रखना प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। आज देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। केंद्र सरकार के आह्वान पर राज्य सरकारें और संगठन 'हर घर तिरंगा' अभियान चला रहे हैं।

भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को झंडा फहराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। यह देखकर गर्व होता है कि भारतीय ध्वज का सम्मान केवल देश के भीतर ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी होता है। हमारे तिरंगे की शान, भारत की विदेश नीति और गौरव का प्रतीक है। किसी भी देश के ध्वज का सम्मान करना नागरिक का कर्तव्य है, और उसके अपमान को कानूनन अपराध माना जाता है। हालांकि, इस उत्सव के बाद भी झंडे का सम्मान बना रहे, यह उतना ही महत्वपूर्ण है।



अक्सर देखा जाता है कि समारोह खत्म होते ही झंडे लापरवाही से इधर-उधर पड़े मिल जाते हैं। राष्ट्रीय ध्वज, संविधान, राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान भारतीय लोकतंत्र के मूल में है। एकता, अखंडता और धर्मनिरपेक्षता हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। आजादी उत्सव का मुख्य उद्देश्य केवल जश्न नहीं, बल्कि यह संदेश देना है कि 140 करोड़ भारतीय एकजुट होकर आगे बढ़ें। हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान याद रखने चाहिए और यह भी कि आजादी के बाद भारत ने 78 वर्षों की यात्रा में किन कठिन दौरों को पार किया है। आज का युवा लोकतंत्र के महत्व और आजादी के संघर्ष को पूरी तरह नहीं समझ पा रहा है। कुछ युवा गुमराह होकर गलत दिशा में बढ़ रहे हैं, जिसे रोकना समाज और परिवार दोनों की जिम्मेदारी है। फिर भी, भारतीय युवा अपनी प्रतिभा से विश्वभर में नाम कमा रहे हैं। कई भारतीय विकसित देशों की नामी कंपनियों के सीईओ बने हैं। आईटी क्षेत्र में भारत ने जो तरक्की की है, उसकी गूंज पड़ोसी देशों तक सुनाई देती है। भारत ने आजादी के बाद आर्थिक चुनौतियों का सामना किया। 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई थी, लेकिन केंद्र सरकारों के निरंतर प्रयासों से आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। भारत अब परमाणु शक्ति संपन्न और बड़ी सैन्य शक्ति वाला देश है।

चंद्रमा और मंगल पर मिशन भेजने वाले कुछ चुनिंदा देशों में भारत का नाम होना गर्व की बात है। आज का भारत 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे के साथ आगे बढ़ रहा है। विश्व के देश भारत के साथ घनिष्ठ संबंध और व्यापारिक समझौते कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के समय भी भारत ने कूटनीतिक संतुलन बनाए रखते हुए ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया। इसके बावजूद, देश के सामने बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, नशाखोरी और सांप्रदायिकता जैसी चुनौतियां हैं। हमारे पूर्वजों ने जिस आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर किए, उसे बनाए रखना और उसका सम्मान करना हर नागरिक का परम कर्तव्य है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### अपनी बात

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में आवारा कुत्तों की नकेल कसने और कुत्तों को आश्रय गृहों में रखने के लिए सर्वोच्च अदालत का फैसला 'सम्मानीय' है, क्योंकि कई रिहायसी इलाकों में कुत्ते खूंखार बने हैं। वे बच्चों और बूढ़ों को काट रहे हैं, नतीजतन देश में हजारों मौतें हर साल रेबीज के कारण प्रतिवर्ष हो रही हैं। देश की राजधानी में ही लाखों लावारिस कुत्तों का अनुमान है। समझा जा सकता है कि आवारा कुत्तों का जानलेवा खतरा कितना भयावह है? परंतु सर्वोच्च अदालत के फैसले के खिलाफ दिल्ली के कुछ लोग सड़कों पर उतर आए हैं। वे देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई से अनुरोध कर रहे हैं कि फैसले पर पुनर्विचार किया जाए। कुत्तों के लिए बहुत सारे आश्रय-गृह चाहिए। देखरेख के लिए लाखों लोगों की जरूरत पड़ेगी। खाने-पिलाने पर भी करोड़ों रुपए खर्च होंगे। इस फैसले पर सर्वोच्च अदालत को एक बार फिर सोच लेना चाहिए। **कमल, रैत**

# चंबा का ऐतिहासिक, धार्मिक तीर्थ यात्रा मेला मणिमहेश



**चंचल कुमार सरोलवी**
बरिष्ठ साहित्यकार, चंबा

हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के इलाका भरमौर में सबसे ऊंची बर्फीली हिमखंड युक्त चोटी मणिमहेश कैलाश पर्वत को मान्यता अनुसार शिव पार्वती का निवास स्थान शिव धाम मानते हैं। कैलाश पर्वत चोटी लगभग 19000 फीट ऊंची है। इस कैलाश पर्वत के साथ मिलो फैली विस्तृत सपाट घाटी के एक और टिलेनुमी पहाड़ी पर समुद्र तल से लगभग 1350 फुट की ऊंचाई पर स्थित विख्यात मणि महेश झील है। यहां साल में दो बार भारी मेला लगता है।

पहला श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को और दूसरा राधा अष्टमी को। जन्माष्टमी, पर ज्यादातर साधु संत महात्मा और कुछ एक जम्मू-कश्मीर, भदरवाह किश्तवाड़ एवं चुराह के लोग नंगे पांव चलकर आते हैं और इस पवित्र झील में स्नान ध्यान पूजा करते हैं। जबकि राधा अष्टमी के शुभ अवसर पर देश-विदेश से हजारों की संख्या में लोग पहुंच कर स्नान, ध्यान, पूजा करते हैं। अमरनाथ बद्रीनाथ एवं रामेश्वर आदि तीर्थ स्थलों की तरह मणिमहेश तीर्थ यात्रा भी उतनी ही पवित्र मानते हैं। लोग सदियों से मणिमहेश झील में स्नान और कैलाश पर्वत के दर्शन कर रोग कष्ट पापों से मुक्ति के कामना लिए आते हैं। इस वर्ष, मणिमहेश का पावन पवित्र तीर्थ यात्रा, (न्हौण) झील में स्नान मेला 16 अगस्त से 31 अगस्त तक बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। वैसे तो प्रदेश के अंदरूनी भाग में अनेक पैदल मार्ग है पर प्रमुख रूप से अधिक सुविधाजनक दो मार्ग हैं। एक पठानकोट से चंबा दूसरा कांगड़ा नूरपुर से चुबाड़ी जोत से होते हुए यात्री, अपना पहला पढ़ाव चंबा चौगान में डालते हैं और अपने भजन कीर्तन से शहर वासियों को भी सराबोर करते हैं। इसी के साथ हवाई सुविधा भी उपलब्ध है। शिव भक्तों द्वारा स्थान पर लंगर लगाए जाते हैं।

लोग अपनी सुविधा अनुसार ग्रहण करते हैं। इस प्रकार हर वर्ष मणिमहेश तीर्थ यात्रा कृष्ण जन्माष्टमी से शुरू होकर राधा अष्टमी तक चलती है! इसी दिन चंबा के अन्य इलाकों परगना बसु में लंबा डल, भटियात के इलाका कुंजर महादेव में, पुखरी (अनैला) तथा साहो में चंद्रशेखर महादेव और त्रिलोचन महादेव तथा चुराह में गडासरू महादेव आदि स्थानों पर भी भारी मेला लगता है। मणिमहेश यात्रा के लिए चंबा मुख्यालय से बस द्वारा हरदासपुर, रजेरा , महिला से आगे बढ़ते हुए घाटी की तलहटी में मचलती कूदती रावी नदी की उन्मुक्त धारा के संग संग ही मनोरम छटा के बीच दूर-दूर ऊंची पहाड़ियों में बसे छोटे बड़े गांव को पार करते हुए मार्ग में दोनों और राख छोटा कस्बा आता है। जो चंबा से 20 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां चाय नाश्ता खाना विश्राम कर सकते हैं। चंबा से आने वाली गाड़ियां यहां रुकती भी है। राख से आगे बढ़ने पर बग्गा में लोहे के पुल से बस रवि नदी पार कर दाई ओर नदी घाटी की मनोहारी दृश्य अवलोकन करते हुए आगे धरवाला और गहरा आता है। यहां विशेषकर पथरीले सलेट की पहाड़ियां हैं। यहां मकान की छत पाटने के लिए स्लेट पत्रिकाएं त्राश कर निकाली जाती है। चंबा से लगभग 33 किलोमीटर की दूरी पर है और यहां से आगे 5 किलोमीटर पर लूणा पुल आता है।



अवलोकन करते आगे संकरी ऊंची घाटी से रवि के साथ-साथ शैतानी पहाड़ी मार्ग पर चलते हुए चंबा से 48 किलोमीटर पर खड़ा मुख है। यहां भी खानपान के लिए गाड़ियां रुकती है। खड़ा मुख से भरमौर के लिए पूल पार कर उत्तर पूर्व की और वुडढ़ल नदी के साथ ऊंची संकरी पहाड़ी घाटी से होकर मार्ग ज्यों-ज्यों आगे ऊंचाई की ओर जाता है घाटी खुली तथा विस्तृत होती जाती है यहां गाड़ी के दोनों और ऊंची-ऊंची पहाड़ियों पर लहरदार खेतों में सेब के बाग तथा दूर वादियों के मनोहारी दृश्यों को निहारते लाहल नामक गांव आता है। 'यहां मणिमहेश कैलाश पर्वत की पवित्र चोटी के प्रथम दर्शन पाकर यात्री जयघोष करते हैं चंबा नगर से 65 किलोमीटर पर दक्षिणी की ओर भरमौर चौरासी स्थित है। चौरासी भरमौर तहसील का मुख्यालय भी है यह समुद्र तल से 800 फुट पर स्थित है। इससे पूर्व मेरू वर्मन के पूर्वजों ने इस दुर्गम पहाड़ी आंचल में ब्रह्मपुर नाम से राजधानी बसाई थी। इस क्षेत्र की अनुपम लुभावने वाली प्राकृतिक दृश्य घाटी, पहाड़ी हिम शिखरों, नदी झरना आदि को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि मानो ब्रह्मा की अनुपम रचना मानकर नगरी का नाम ब्रह्मपुर रखा होगा। ब्रह्मपुर से बदलते बदलते ब्रह्मोर तथा बाद में भरमौर पड़ा। यहां प्राकृतिक छटा में भ्रमित हो खो से जाते हैं ऐसा प्रतीत होता है कि मानो ब्रह्मा में लीन हो गए हो। 10वीं शताब्दी में राजा साहिल बर्मन के समय कुरुक्षेत्र से 84 सिद्ध महात्माओं ने मणिमहेश तीर्थयात्रा के समय भरमौर में धूनी रमाई राजा साहिल बर्मन ने इन महात्माओं की खूब सेवा सम्मान किया राजा की सेवा भक्ति से प्रसन्न होकर सिद्ध योगियों ने राजा को 10 पुत्रों और एक पुत्री का वरदान दिया।

अत: जिन स्थानों पर सिद्धनाथ महात्माओं ने धूनी रमाई थी उन्हीं स्थानों पर राजा ने चौरासी मंदिरों का निर्माण करवाया। जिस कारण इस स्थान का नाम चौरासी पड़ा। चार बड़े और उनके चारों ओर बने छोटे-छोटे मंदिर भरमौर चौरासी नगर की मुख्य शोभा है। इन मंदिरों के समूह के बीच सबसे बड़ा और ऊंचा मणिमहेश मंदिर है। जिसका शिखर दूर से ही दिखाई देने लगता है। सुबह तड़के 3-4 बजे पहाड़ी से पानी अचानक बैहना शुरू होता है और झील में मिल जाता है। इसे स्थानीय भाषा में 'परवी' कहते हैं। झील के ठंडे जल में स्नान ध्यान और पूजा करने उपरांत लोग 'मित्तरी' लगाते हैं अर्थात धर्म भाई और धर्म बहन बनाना लोक परंपरा है। स्नान उपरांत लोग अपने घरों को वापस चल देते हैं, धीरे-धीरे सारा मेला दोपहर तक उठकर समस्त तीर्थ स्थल और घाटी क्षेत्र निर्जन होता जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# देश के लिए जीवन समर्पित करने वाला नायक सरदार उधम सिंह



**डॉ. कमल के प्यासा**
लोअर समखेतर, मंडी

15 अगस्त 1947 के दिन भारत पूर्ण रूप से अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हो कर, 3भागों में बंट गया था अर्थात भारत, पश्चिमी पाकिस्तान व पूर्वी पाकिस्तान।

अब की बार हम अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह स्वतंत्रता कैसे प्राप्त हुई थी,,, ? नहीं, मैं जानता हूं तुम्हें शायद इसकी जानकारी नहीं होगी। ,,, बहुत ही जद्दोजहद हुआ था, इसके लिए। न जाने कितनी गोदें सूनी हो गई,,,कितनी बहनों, माताओं के सुहाग मिट गए,,,कोई खबर नहीं,,,। ये आजादी यूं ही, बैठे-बैठे नहीं प्राप्त हुई, लाखों के हिसाब से लोग शहीद हुए थे, इसके लिए। अंग्रेजों के प्रति विद्रोह की ज्वाला देश के कौन-कौन से भड़क उठी थी, क्योंकि उनकी लूटपाट व अत्याचार दिन-प्रतिदिन बढ़ते ही चले जा रहे थे।

फलस्वरूप बंगाल में सैनिक विद्रोह, चुआड़ विद्रोह, भूमि विद्रोह व संथाल विद्रोह आदि आदि एक के बाद एक होने लगे थे। 1857 में तो विद्रोह नासूर की भांति फूट पड़ा था। फिर ऐसे ही लगातार पंजाब में कूका विद्रोह के साथ 1915 में रासबिहारी बोस व शचींद्र नाथ सन्याल ने विशेष रूप से बंगाल के साथ साथ बिहार, दिल्ली, राजपुताना व पंजाब से ले कर पेशावर तक कई एक छावनियां बना दी थीं। दूसरी ओर नेता जी सुभाष चंद्र बोस द्वारा आजाद हिंद फौज का गठन करके अपनी सरकार का चलन भी शुरू कर दिया था। देखते ही देखते देश के कोने कोने से नौजवान क्रांतिकारी, क्रांतिकारी गतिविधियों में आगे आने लगे थे। इन्हीं में शामिल थे सरदार उधम सिंह, सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरु, सुखदेव व मदन लाल ढींगरा आदि।



इस आलेख में केवल शहीद उधम सिंह की ही चर्चा की गई है,(स्थानभाव के कारण)अन्य शहीदों की अलग से किसी अन्य आलेख में बात की जाएगी। क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह का जन्म पंजाब में सुनाम के उपली नामक गांव के एक गरीब किसान के घर (माता श्रीमती नारायण कौर व पिता टहल सिंह जम्मू ) 26 दिसंबर ,1899 को हुआ था। पिता टहल सिंह उपली गांव के रेलवे क्रॉसिंग पर चौकीदार की नौकरी करते थे।

उधम सिंह का वास्तविक नाम शेर सिंह था व दूसरे बड़े भाई को साधु के नाम से जाना जाता था। बालक उधम अभी मात्र 3 वर्ष का ही था तो इसकी माता नारायण कौर का निधन हो गया था।

वर्ष 1907 के अक्तूबर माह में दोनों भाई अपने पिता टहल सिंह के साथ अपने गांव उपली से पैदल ही अमृतसर के लिए चल दिए थे। रास्ते में ठंड और भूख प्यास के कारण चलते-चलते थक कर, पिता टहल सिंह गिर गए और उन्हें हस्पताल जाना पड़ गया था, लेकिन उधर उपचार के मध्य ही उनकी वही मृत्यु हो गई। इस तरह कुछ दिन चाचा के पास रहने के पश्चात दोनों बच्चों को केंद्रीय खालसा अनाथालय में छोड़ दिया गया। अनाथालय के नियमानुसार साधु का नाम मुक्ता व शेर सिंह का नाम उधम सिंह रख दिया गया। दोनों भाइयों की शिक्षा दीक्षा पुतली के खालसा अनाथालय द्वारा ही चलती रही। इस तरह वर्ष 1918 में दसवीं पास करने के पश्चात उधम सिंह ने अनाथालय वर्ष 1919 में छोड़ दिया और नौकरी की तलाश इधर-उधर करने लगा था।

प्रथम विश्व युद्ध के समय उधम सिंह ब्रिटिश भारतीय सेना में भर्ती होकर 32 वें सिख पायनियर्स में निम्न रैंक के श्रमिक इकाई में शामिल हो गया। इस श्रमिक इकाई में उधम सिंह का कार्य इराक के तट क्षेत्र से बसरा तक रेल के आने जाने को देखना होता था, लेकिन उधम के व्यवहार व आयु कम होने के कारण ही उसे छह माह से पूर्व ही वापस पंजाब भेज दिया गया। आज हम सिर उठा कर कहते हैं कि हम स्वतंत्र भारत के स्वतंत्र नागरिक हैं, लेकिन देश के लिए मर मिटने व कुर्बानियां देने वालों को पहचानते तक नहीं,,,ऐसे ही कितने शहीद देश के लिए मर मिटे थे, उनके संबंध में धीरे-धीरे कुछ न कुछ जानकारी पहुंचाने की कोशिश जारी रखूंगा। अंत में स्वतंत्रता दिवस की इस पावन बेला पर सभी क्रांतिकारी शहीदों को शत शत नमन के साथ आप सभी को हार्दिक बधाई।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### 22 ग्राम हेरोइन सहित महिला गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** गांव छन्नी बेली में नारकोटिक्स सेल की टीम द्वारा छापेमारी के दौरान एक महिला के पास से 22 ग्राम हेरोइन पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया के पकड़ी गई महिला की पहचान रीता देवी पत्नी बिहारी लाल के तौर पर की गई है। थाना डमटाल में मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एसपी अशोक रतन ने बताया कि उसके बेटे महेंद्र के खिलाफ 3 तथा उसके पोते अभिषेक के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं।

### 16 को कई गांवों में पेयजल आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जल शक्ति विभाग उपमंडल डाडासीबा के सहायक अभियंता राकेश कुमार ने जानकारी दी है कि पेयजल योजना नारी, सांडा, दड़ब अमलेहड़ और खनोडी के मुख्य टैंकों व पानी वितरण टैंकों की साफ-सफाई और स्रोत रखरखाव कार्य के कारण 16 अगस्त को कई गांवों में पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित गांवों में घाटी, कुट, गुढाज, नारी, गुजरेड़, दड़व, अमलेहर, खनूडी, बरनाली, बुहारा और घमरूर शामिल हैं। अभियंता राकेश कुमार ने उपभोक्ताओं से इस दौरान सहयोग करने और पानी की बचत करने की अपील की है।

### डॉ. आदर्श पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कोर्ट में नामित



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में शल्य चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. आदर्श कुमार को भारत की माननीय राष्ट्रपति द्वारा पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के न्यायालय में अपने तीन नामितों में से एक के रूप में नामित किया गया है।

### विधायक मलेंद्र ने किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** ग्राम पंचायत चलोह के ठठोली गांव में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई राजीव गांधी वन संवर्धन योजना का भी शुभारंभ किया गया। विधायक ने बताया कि इस योजना के तहत योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए चार सोसाइटी/महिला मंडल रजिस्टर्ड किए गए हैं, जिन्हें दो-दो हेक्टेयर भूमि और 2.40 लाख की राशि पौधरोपण के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी। इनमें ग्रामीण विकास सोसाइटी राजा खासा, ग्रामीण विकास सोसाइटी ठठोली, महिला मंडल भलाख और महिला मंडल मकडोली शामिल हैं।



### वनों के संरक्षण के लिए जन भागीदारी जरूरी : गोमा

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आयुष युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत वन परिक्षेत्र क्षेत्र जयसिंहपुर में पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत सकोह के गांव टिक्कर से किया। मंत्री ने इस अवसर पर अर्जुन किस्म का पौधरोपित किया। उन्होंने कहा कि वनों के संरक्षण के लिए जन भागीदारी बेहद जरूरी है।



### नीलकंठ मंदिर का विधायक के सहयोग से हुआ जीर्णोद्धार

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ बाजार के साथ लगते रोल टप्पा स्थान पर प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार गया, जिस पर लगभग साढे 5 लाख रुपए खर्च किए गए। इस मंदिर के सहयोग के लिए विधायक किशोरी लाल ने 4 लाख का योगदान किया, वहीं मंदिर कमेटी के सदस्यों में सुरेश फूंगरी, सुनील टीटू, मुकेश शर्मा, रमेश चड्डा, सुरेश चड्डा, सिंधी तथा तारणी महिला मंडल द्वारा भी सहयोग किया गया। वीरवार को विधायक किशोरी लाल द्वारा मूर्ति तथा नंदी भगवान की स्थापना के साथ पूजा अर्चना व हवन किया गया।

### सीयू में अभियान के तहत निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला ने भारत सरकार के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने और राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली गई। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने इस दौरान 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 79 मीटर और 30 मीटर अलग से तिरंगा इस यात्रा में लेकर देशभक्ति के नारों के साथ पूरे मार्ग में स्वतंत्रता, एकता और भाईचारे का संदेश फैलाया। केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. सत प्रकाश बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे विद्यार्थी केवल कक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समाज में जागरूकता फैलाने के लिए सक्रिय हैं।

### भाजपा की योजनाओं का श्रेय ले रही कांग्रेस : मुल्खराज

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भाजपा कार्यकाल की योजनाओं का कांग्रेस श्रेय लेने में लगी हुई है। यह बात पूर्व विधायक मुल्ख राज प्रेमी ने बैजनाथ में कही। भाजपा के कार्यकाल में लाखों करोड़ों रुपए की पेयजल व सिंचाई योजनाएं स्वीकृत हुई थी, लेकिन धरातल में अभी तक उन योजनाओं पर काम शुरू नहीं हो सका है। जिसका मुख्य उदाहरण मझैरना में करीब साढ़े 5 करोड़ की लागत व बैजनाथ पपरोला व कई अन्य योजनाएं सिरे नहीं चढ़ पाई हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा विधायक केवल भाजपा की पुरानी योजनाओं का श्रेय लेकर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

### भंद्रेला में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की मनेई पंचायत के भंद्रेला में आज राजीव गांधी वन संवर्धन योजना का शुभारंभ एवं 76वां वन महोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए पौधरोपण किया।

### जरूरतमंदों को वितरित किए 35 लाख के चेक

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी के विधायक संजय रतन ने आज राजीव गांधी वन संवर्धन योजना और 76वें वन परिक्षेत्र स्तरीय महोत्सव का शुभारंभ ग्राम पंचायत सिल्ह से किया। इस दौरान उन्होंने हरड़ का पौधरोपित किया। विधायक ने नगर परिषद ज्वालामुखी के वार्ड नंबर 7 में महिला मंडल भवन के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। उन्होंने महिला मंडल निर्माण के लिए पूर्व निर्धारित 14 लाख की राशि को बढ़ाकर 25 लाख करने की घोषणा की। विधायक संजय रतन ने लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह, खुंडियां में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद परिवारों को कुल 35 लाख के चेक वितरित किए।

### रक्कड़ में 10 लाख से बनेगा नागेश्वर सामुदायिक भवन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** ग्राम पंचायत रक्कड़ में 10 लाख रुपए से नागेश्वर सामुदायिक भवन बनाया जाएगा, जबकि खनियारा में बटवाल फाउंडेशन भवन और अमर शहीद राइफलमैन की स्मृति में गेट भी बनाया जाएगा। विधायक सुधीर शर्मा ने विभिन्न विकास कार्यों की आधारशीला रखी। रक्कड़ में नागेश्वर सामुदायिक भवन के लिए पांच लाख रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है, जबकि पांच लाख रुपये बाद में जारी कर दिए जाएंगे। इसके अलावा यहा पर नौ लाख से ट्यूबवेल और पार्किंग भी बनाई जाएगी। विधायक सुधीर शर्मा ने बताया कि खनियारा में बटवाल फाउंडेशन का अत्याधुनिक भवन बनाया जाएगा, जिसके लिए पांच लाख रुपए की पहली किश्त जारी कर दी गई है, शेष धनराशि बाद में जारी कर दी जाएगी। इसके अलावा अमर शहीद राइफलमैन सुनील जंग मेहत की स्मृति में स्मृति गेट भी बनाया जा रहा है, जिसके माध्यम से शहीद की शहादत को आने वाली पीढ़ी याद रखेगी।

### शोले के 50 साल पर हिमालय परिवेश में तैयार सांग लॉच

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** भारतीय फिल्म शोले की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में गोल्ड सिनेमा धर्मशाला ने हिमालयी परिवेश में रचे गए इसके प्रतिष्ठित गीत महबूबा-महबूबा की एक विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की। इस कार्यक्रम में न केवल धर्मशाला शहर से, बल्कि कांगड़ा जिले के सभी कला और संस्कृति प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा और केंद्रीय तिब्बती प्रशासन की उपाध्यक्ष डोल्मा त्सेरिंग उपस्थित थीं।

# हाउस टैक्स : स्पॉट प्रॉपर्टी सर्वे की बारिश में रफ्तार धीमी

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

- दो से तीन माह में सर्वे कार्य पूरा होने की उम्मीद
- शहरवासियों को मिलेगी ऑनलाइन सुविधा

**धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला में हाउस टैक्स निर्धारण के लिए प्रॉपर्टी सर्वे का कार्य चल रहा है, लेकिन बरसात ने सर्वे कार्य की रफ्तार को धीमा कर दिया है।

निगम प्रशासन की मानें तो बारिशें थमने के साथ ही सर्वे कार्य में तेजी आएगी और 2 से 3 माह में सर्वे कार्य पूरा होने की उम्मीद है। शहरवासियों को निगम की ओर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, इसी कड़ी में सर्वे उपरांत तय किए जाने वाले हाउस टैक्स के भुगतान हेतू भी ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

**हाउस टैक्स निर्धारण के लिए होती है शहर की मैपिंग**

गौरतलब है कि हाउस टैक्स निर्धारण के लिए पहले शहर की मैपिंग की जाती है। इसके उपरांत मौका पर जाकर प्रॉपर्टी की असेस्मेंट की जाती है। जिसके लिए निगम की ओर से बकायदा टीमें गठित की गई हैं।

### प्रतिदिन 20-20 प्रॉपर्टी सर्वे का टारगेट

**जानकारी** के अनुसार नगर निगम धर्मशाला के 17 वार्डों में से 13 वार्डों में प्रॉपर्टी सर्वे के लिए निगम की ओर गठित टीमें स्पॉट विजिट कर रही हैं। टीम के प्रत्येक सदस्य को प्रतिदिन 20-20 प्रॉपर्टी सर्वे का टारगेट दिया गया है। बारिशों से पहले टीमों द्वारा टारगेट अनुरूप कार्य किए जा रहे थे, लेकिन बरसात ने इस कार्य में थोड़ा धीमा कर दिया है। निगम प्रशासन के अनुसार प्रॉपर्टी सर्वे उपरांत जो डाटा निकलकर आएगा, उसका आकलन कर हाउस टैक्स तय किया जाएगा।

### 17 में से 13 वार्डों में टीमें कर रही स्पॉट विजिट



**नगर** निगम धर्मशाला कमिश्नर जफर इकबाल ने कहा कि निगम के 17 वार्डों में से 13 वार्डों में टीमें स्पॉट विजिट कर रही हैं। टीम के प्रत्येक सदस्य को प्रतिदिन 20-20 प्रॉपर्टी का स्पॉट सर्वे करने का टारगेट दिया गया है। वर्तमान में बरसात के चलते टीमों की स्पीट कम हुई है। आगामी 2-3 माह में प्रॉपर्टी का स्पॉट सर्वे पूरा कर लिया जाएगा तथा इससे प्राप्त डॉटा के आधार पर हाउस टैक्स तय किया जाएगा। इसके उपरांत लोगों को टैक्स भुगतान के लिए ऑनलाइन सुविधा प्रदान की जाएगी।

### पहाड़ी से पत्थर गिरने से जम्मू निवासी की मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मणिमहेश यात्रा के दौरान गुई नाले में आज करीब 11:30 बजे एक व्यक्ति की पत्थर लगने से मौत हो गई है। हादसे के वक्त यह व्यक्ति अकेले यात्रा कर रहा था। उक्त व्यक्ति को रेस्क्यू करके भरमौर अस्पताल लाया गया। व्यक्ति की पहचान दविंद्र सिंह पुत्र गोपी चंद, निवासी गांव मतोता, जिला डोडा जम्मू-कश्मीर के तौर पर हुई है। शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा उसके घर वालों को सूचित कर दिया गया है।

- लोगों से यात्रा स्थगित करने की अपील

उपायुक्त चंबा ने यात्रा को स्थगित करने की अपील लोगों से की है। चंबा में हो रही बारिश के कारण श्री मणिमहेश यात्रा के श्रद्धालुओं तथा आमजन से चंबा-भरमौर मार्ग पर वीरवार को यात्रा न करने की उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने अपील की है। बारिश के कारण चंबा-भरमौर मार्ग के विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन एवं पत्थर गिरने की संभावनाओं के चलते श्रद्धालु तथा आमजन सुरक्षा के लिहाज से आज चंबा मुख्यालय से आगे यात्रा न करें।

### जीजीडीएसडी कॉलेज राजपुर में छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय, राजपुर के विद्यार्थियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली निकाली गई। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई और रेड रिबन क्लब द्वारा महाविद्यालय सभागार में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब के समन्वयक सहायक प्राध्यापक यशविंदर भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

### 'जल जीवन मिशन' ने 6 साल में ग्रामीण भारत की तस्वीर बदली : चेतन बरागटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए जल जीवन मिशन ने ग्रामीण भारत में एक बड़ा बदलाव ला दिया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने बताया कि 14 अगस्त, 2019 को शुरू हुई यह योजना आज एक ऐतिहासिक सफलता की मिसाल बन गई है।

मात्र छह साल में इस मिशन ने ग्रामीण परिवारों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन किया है। जहां 2019 में केवल 17 फीसदी ग्रामीण घरों में नल का पानी था, वहीं आज यह आंकड़ा पांच गुना बढ़कर 81 फीसदी तक पहुंच गया है। इसका मतलब है कि 2019 में 3.2 करोड़ ग्रामीण घरों को नल से पानी मिलता था, जबकि अब यह संख्या 15.7 करोड़ से अधिक हो गई है।

## विधायक सुधीर द्वारा प्रदान की राहत राशि कहां से आई : मनोज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



धर्मशाला में प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश वूल फेडरेशन के चेयरमैन मनोज।

हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन के चेयरमैन मनोज ठाकुर ने बताया कि हाल ही में धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा द्वारा धर्मशाला व जिला मंडी के आपदा प्रभावितों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है, लेकिन इतना पैसा कहां से आया इसके बारे में विधायक जाहिर करें। धर्मशाला में वीरवार को प्रेसवार्ता को आयोजित करते हुए मनोज ठाकुर ने बताया कि विधायक द्वारा निस्वार्थ भाव से आपदा प्रभावितों की मदद की गई है तो अच्छी बात है, लेकिन जनता जानता चाहती है कि यह पैसा एकदम कहां से आया। यह पैसा विधायक फंड से है या लोगों की मदद से एकत्रित कर प्रभावितों की सहायता को प्रदान किया गया है तो इसकी एक सूची बनाई जाने चाहिए थी कि कितनी राशि किसने प्रदान की। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब वर्ष 2023 में आई आपदा के दौरान उस समय लोगों की मदद क्यों नहीं की। साथ ही केंद्र सरकार के समक्ष अपनी बात रखते हुए मनोज ने बताया कि यदि केंद्र सरकार प्रदेश मुख्यमंत्री को आपदा के लिए पैसा नहीं देना चाहती तो यहां की जनता की ही आर्थिक मदद की जानी चाहिए।

- वर्ष 2023 में आई आपदा में विधायक ने क्यों नहीं की मदद

## ग्रीनलैंड स्कूल सूरजपुर में मनाया जन्माष्टमी का त्योहार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में चेयरमैन रणवीर सिंह, प्रधानाचार्य अमित कौर तथा सेक्रेटरी कमलजीत सिंह की अध्यक्षता में जन्माष्टमी का पावन त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्राइमरी से चौथी कक्षा तक के छात्र छात्राओं द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी के जीवन की विभिन्न विभिन्न झांकियां प्रस्तुत की गई, जिसमें श्री कृष्ण सुदामा मिलन, गोवर्धन पर्वत, माखन चोर कृष्ण तथा कृष्ण रासलीला की अत्यंत सुंदर झांकियां द्वारा स्कूल के प्रांगण में जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया।

छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार झांकियों को अभिभावकों द्वारा बहुत ही सराहना की गई। इस कार्यक्रम का सबने बहुत ही आनंद लिया। छात्रों को स्कूल की तरफ से खाने की सामग्री भी प्रदान की गई। अंत में प्रधानाचार्य अनुमित कौर ने सभी को जन्माष्टमी की बधाई दी।

### हैप्पी बर्थडे



मराथू मंडी के माधव को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### विभाजन विभीषिका बैठक का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** संगठनात्मक जिला पालमपुर द्वारा बैजनाथ चामुंडा हाल में विभाजन विभीषिका बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रागनी रुकवाल ने की। इस बैठक में मुख्य वक्ता पंकज जमवाल विभाजन विभीषिका के बारे में कहा कि देश के इतिहास का सबसे दर्दनाक और विभीषिकापूर्ण अध्याय 1947 का विभाजन था। आज भी करोड़ों भारतीयों की स्मृतियों में एक गहरे घाव के रूप में दर्ज है।

हर वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि आने वाली पीढियों को उस त्रासदी की याद दिलाई जा सके और देश में एकता, भाईचारे और राष्ट्रीय अखंडता के महत्व को मजबूत किया जा सके।

## कल से बाजारों में उपलब्ध होगी मछली

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

हिमाचल प्रदेश के मछली शौकीनों के लिए अच्छी खबर है। हिमाचल प्रदेश के जलाशयों में मछली के शिकार पर लगा प्रतिबंध हट गया है। शनिवार सुबह को मछली प्रदेश के बजारों में पहुंच जाएगी और करीब दो माह बाद फिर से लोग मछली का जायका ले पाएंगे।

जब कि शुक्रवार को शिकारी फिर दो माह बाद मछली के शिकार के लिए जलाशय में ऊतर पाएंगे, जिसके बाद अब प्रदेश में आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को कतला, महाशेरा सिंगेरा आदि प्रकार की मछली खाने के लिए उपलब्ध होगी। 15 जून से 15 अगस्त तक हिमाचल प्रदेश के जलाशयों, नदी नालों और इनकी सहायक नदियों में मछली के शिकार पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया था ताकि इस दौरान मछली प्रजनन व मछलियों का बीज पनप सके, वहीं दो माह का प्रतिबंध हटने के बाद प्रदेश के करीब 10 हजार से अधिक मछुआरे एक बार फिर मछली पकड़ कर अपनी रोजी रोटी कमाने में लगे है।

दो माह के मत्स्य आखेट प्रतिबंध का समय खत्म होते ही अब मछुआरों के चेहरों पर खुशी की रौनक लौट आई है। किश्तियों के चलने से 15 अगस्त शाम को प्रदेश के झीलों में रौनक लौट आएगी तथा झीले गुलजार हो जाएगी। इस बारे मत्स्य सहायक निदेशक पौंग बांध एसके वभौरिया ने बताया कि 15 अगस्त शाम को झील में शिकारी जाल डाल देंगे। उन्होंने शिकारियों को हिदायत दी है कि समय अनुसार ही जाल बिछाएं तथा अंडर साइज जाल न लगाएं।

